10 नीरज चोपड़ा....




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक


12 अदा शर्मा...



रांची, शनिवार, 20 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -06 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



बबीता दास
सामाजिक कार्यकर्ता

**कठिन समय में समाधान पोर्टफोलियो की समझदारी ही है, और हार का पालन करने के बजाय प्रयास करना ही असली जीत है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,44,678
चांदी (प्रति किलो) : 2,70,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 76,802.90
निफ्टी :- 24,013.10

## मौसम

अधिकतम तापमान : 34 °
न्यूनतम तापमान : 24 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:03
संध्या :- 18:38

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1862 को अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पारित करके अमेरिका में दास प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीपीए घोटाला मामले में पूर्व सीएमओ डॉ. विजय कुमार रंगा गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) से जुड़े एक घोटाले के मामले में डॉ. विजय कुमार रंगा को गिरफ्तार किया है. संयुक्त पुलिस आयुक्त विक्रमजीत सिंह के मुताबिक यह गिरफ़्तारी सैकड़ों करोड़ रुपये की दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की खरीद में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और टेंडर की शर्तों में हेरफेर से जुड़े एक बड़े भ्रष्टाचार के मामले में की गई है. कोर्ट ने आरोपी को 4 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है. इस मामले में हाल ही निलंबित की गई पूर्व डीजीएचएस डॉक्टर वत्सला अग्रवाल को भी गिरफ्तार करने के लिए एसीबी की टीम लग गई है. अउइ की टीम अग्रवाल के घर पहुंची है. पिछले सप्ताह ही इस घोटाले में वत्सला अग्रवाल और डॉ. रंगा को एलजी तरनजीत सिंह संधू के द्वारा निलंबित किया गया था.

### लोहरदगा में ट्रेन की चपेट में आया भैंसों का झुंड, सात की मौत

**लोहरदगा:** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में एक ट्रेन की चपेट में आने से सात भैंसों की मौत हो गई. वहीं पांच भैंस घायल हैं. यह हादसा लोहरदगा-टोरी रेलवे लाइन पर बंदुआ गांव के पास हुआ, जहां भैंसें आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं. इस घटना के कारण लगभग ढाई घंटे तक ट्रेन का परिचालन बाधित रहा, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई. दरअसल, इस रूट पर राजधानी एक्सप्रेस, सासाराम एक्सप्रेस और चोपन एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें चलती हैं. यह घटना तब हुई जब आनंद विहार से पुरुलिया जा रही ट्रेन के रास्ते में भैंसों का एक झुंड पटरी पर आ गया. जब ट्रेन नंबर 14022 कुडू थाना क्षेत्र के बंडुआ गांव के पास पहुंची, तो अचानक रेलवे ट्रैक पर बारह भैंसें आ गईं. ट्रेन की तेज गति के कारण चालक उन्हें बचा नहीं सका, जिससे जोरदार टक्कर हुई.

# पीएम मोदी बोले- 70 लाख नौकरियां बनीं हकीकत

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लगभग 15 लाख लाभार्थियों के लिए 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस दौरान मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पहली बार नौकरी तलाशने वाले युवाओं और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सरकार नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करती है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के जरिये 70 लाख नौकरियां सृजित, लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि सरकार, युवा और उद्योग जब मिलकर काम करते हैं तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से लौटा हूँ। जी-7 में मेरी मुलाकात विकसित देशों के प्रमुख नेताओं से हुई। आज दुनिया भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को पहचानने लगी है। और ऐसे समय में, हमारी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके, और इसी सोच के साथ 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' शुरू की गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की मदद से अब तक लगभग 70 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। लगभग 70 लाख ऐसे लोगों को भी सोशल सिक्योरिटी कवरेज मिला है जो पहली बार नौकरी कर रहे हैं। लगभग 20 लाख युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज इनमें से लगभग 10 लाख युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस योजना के तहत फायदा (इंसेंटिव) मिला है। उनके बैंक खातों में सीधे रु2,000 करोड़ से ज्यादा की रकम भेजी गई है। यह रकम सिर्फ. आर्थिक मदद नहीं है; यह उनकी कड़ी मेहनत की पहचान है। मोदी ने कहा कि ये आंकड़े और अनुभव बताते हैं कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो रोजगार निर्माण की गति कई गुना बढ़ जाती है। पीएम विकसित भारत रोजगार मेला योजना, इसी नए भारत की पहचान है। एक ऐसा भारत, जहां युवा को अवसर मिले, उद्योग को प्रोत्साहन मिले और रोजगार निर्माण एक राष्ट्रीय अभियान बन जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता युवाओं के सपनों, उनके कौशल और उनके सामर्थ्य से होकर जाता है। भारत जैसे युवा देश में अवसरों के स्त्रोत जितने अधिक होंगे युवाओं के सपनों को उतनी ही अधिक उड़ान मिलेगी। इसी सोच के साथ बीते 12 वर्षों में रोजगार के हर रास्ते को मजबूत किया गया है। पीएम ने कहा कि दुनिया भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार हो रही है और भारत भविष्य की अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहा है।

# लातेहार में 3 बच्चों की मौत, पानी भरे गड्ढे में डूबने से हुआ हादसा

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है. यहां एक ही मां-बाप के तीन बच्चों की मौत पानी भरे गड्ढे में डूबने से हो गई. मृतक तीनों बच्चे बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गांव निवासी द्वारिका गंझु के थे. सबसे दुखद बात तो यह है कि इस घटना के बाद द्वारिका गंझु के घर का पूरा चिराग बुझ गया. मिली जानकारी के अनुसार द्वारिका गंझु की दो बेटियां और एक बेटा खेलने के लिए घर से निकले थे. इसी दौरान तीनों बच्चे काफी पुराने खोदे गए एक गड्ढे में गिर गए. गड्ढा में पानी अधिक होने के कारण तीनों बच्चे उसमें डूब गए. काफी देर तक जब बच्चे वापस घर नहीं लौटे तो परिवार वाले उन्हें खोजने लगे. इस दौरान तीनों बच्चों को गड्ढ़े के पानी में डूबा हुआ पाया गया. परिजनों तथा ग्रामीणों ने बच्चों को पानी से निकाला और बालूमाथ अस्पताल लाया. जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया. डॉ दयानंद ने बताया कि अस्पताल आने के बाद जब बच्चों की जांच की गई तो उन्हें मृत पाया गया. बताया जाता है कि द्वारिका गंझु की दो पुत्रियां और एक पुत्र था. दीपिका कुमारी सबसे बड़ी थी. माही उससे छोटी थी और सबसे छोटा आर्यन कुमार था. तीन बच्चे होने के कारण पूरा परिवार खुशहाल था. परंतु शुक्रवार को काल ने तीनों बच्चों को अपने आगोश में ले लिया . घटना के बाद द्वारिका गंझू के घर का पूरा चिराग बुझ गया. पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. इनकी चीत्कार और बच्चों के शव को देखकर आम लोगों की आंखों में भी आंसू आ जा रहे हैं.

# 12वीं राष्ट्रीय स्केटिंग चैंपियनशिप 2026: 2 गोल्ड समेत 10 मेडल जीतकर रचा इतिहास

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** 12वीं नेशनल रोलर स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप 2026 में झारखंड के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है. खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं. इस उपलब्धि के साथ झारखंड ने प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और रोलर स्केटिंग के क्षेत्र में नई पहचान बनाई. राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच झारखंड के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन किया. कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया. खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खेल प्रेमियों और स्केटिंग जगत में उत्साह है. झारखंड रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ने खिलाड़ियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है. एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, नियमित अभ्यास और उनके कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम है. साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों के माता-पिता की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका उत्साह बढ़ाया. एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा, यह सफलता पूरे झारखंड के लिए गर्व का क्षण है. खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है कि यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो राज्य के खिलाड़ी किसी भी राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं. उन्हें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में झारखंड के स्केटर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे. 12वीं नेशनल रोलर स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप में मिली यह सफलता झारखंड में स्केटिंग खेल के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की निरंतर प्रगति का प्रमाण है. खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने राज्य के खेल जगत को नई ऊर्जा और नई उम्मीद दी है.



### 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज झारखंड के नाम

एसोसिएशन के सचिव सुमित शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 10 पदक जीतना झारखंड के लिए बेहद गर्व की बात है. उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने जिस समर्पण और जुनून के साथ प्रदर्शन किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा. 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीतना उनकी कड़ी मेहनत का प्रतिफल है. झारखंड रोलर स्केटिंग एसोसिएशन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है.

# राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद लातेहार पहुंचे बैजनाथ राम, बोले- झारखंड का विकास ही प्राथमिकता

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची/लातेहार।** झामुमो से राज्यसभा के लिए निर्वाचित सांसद बैजनाथ राम शुक्रवार को लातेहार पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. झामुमो जिला कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जीत की बधाई दी. इस दौरान जिले के कई सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार लातेहार पहुंचे बैजनाथ राम के स्वागत को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला. जिला कार्यालय में समर्थकों ने नारेबाजी कर उनका अभिनंदन किया.

### झारखंड के विकास को बताया प्राथमिकता

पत्रकारों से बातचीत करते हुए बैजनाथ राम ने कहा कि झारखंड के समग्र विकास के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि राज्य प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से समृद्ध है, इसलिए इन संसाधनों से जुड़े लघु उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यदि खनिज संपदा का सही तरीके से उपयोग किया जाए तो रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं और राज्य की आर्थिक स्थिति को और मजबूत बनाया जा सकता है. राजनीति में विकास का वादा लगभग हर भाषण का स्थायी हिस्सा होता है, लेकिन असली परीक्षा वादों की नहीं, उनके जमीन पर उतरने की होती है. नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि लातेहार जिले में संचालित विभिन्न कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. उनका कहना था कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलने से बेरोजगारी कम होगी और पलायन पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी. उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों का लाभ स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए और इस दिशा में हर संभव पहल की जाएगी. उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जताया आभार

बैजनाथ राम ने राज्यसभा भेजने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को उच्च सदन तक पहुंचाने का जो विश्वास पार्टी ने उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज को दिल्ली में मजबूती से उठाया जाएगा और राज्य के हितों से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रमुखता के साथ रखा जाएगा. मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, चैंबर ऑफ कामर्स के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, मदन दास, सुदामा प्रसाद, जीरा देवी, आशिष गुप्ता, समशूल होदा, अहद खान, आर्सेन तिर्की, रिंकू कच्छप, ममता सिंह, वासुदेव यादव, सुशील यादव, अंकित पांडेय, अशोक गुप्ता, पिंकू गुप्ता व एहसान अंसारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.










# ... आधुनिक सुविधाओं से बच्चों में रचनात्मक सोच व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होगा विकास : शत्रुजीत कुमार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**गुरदरी बॉक्साइट माइंस की सीएसआर की पहल से शिक्षा एवं सामुदायिक विकास को मिला नया आयाम**

**...नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अत्याधुनिक टिंकर लैब, संत वियानी हाई स्कूल, डुम्बरपाठ में मिनी साइंस लैब, सोलर आधारित जलमीनार व नए बालक–बालिका शौचालय का हुआ उदघाटन**



**लोहरदगा:** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा संचालित गुरदरी बॉक्साइट माइंस द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत शिक्षा एवं सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उदघाटन किया गया। इन पहलों में नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अत्याधुनिक टिंकर लैब तथा संत वियानी हाई स्कूल, डुम्बरपाठ में मिनी साइंस लैब, सोलर आधारित जलमीनार और नए बालक-बालिका शौचालयों का निर्माण शामिल है।

कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि शत्रुजीत कुमार, यूनिट हेड, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लोहरदगा ने किया। हिंडाल्को CSR एवं STEM टीम के सहयोग से स्थापित टिंकर लैब विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) आधारित आधुनिक शिक्षा का व्यावहारिक मंच उपलब्ध कराएगी। यहां छात्र ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, नवाचार एवं प्रयोग आधारित शिक्षण का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे उनमें रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होगा। वहीं संत वियानी हाई स्कूल में स्थापित मिनी साइंस लैब विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रयोगात्मक शिक्षा को सशक्त बनाएगी। इसके अतिरिक्त सोलर आधारित जलमीनार विद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, जबकि नव-निर्मित शौचालय सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए बेहतर स्वच्छता और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ऑपरेशन हेड शत्रुजीत कुमार ने कहा कि ऐसी पहलें ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह पहल हिंडाल्को की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामुदायिक सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति सकारात्मक पहल है। विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार एवं जॉन पाल ने हिंडालको का आभार प्रकट किया और कहा कि ऐसे प्रयास से बच्चों का शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो सकेगा। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रदीप भालेकर, क्लस्टर हेड-नेतरहाट, सहायक महाप्रबंधक खान विद्या सागर सिंह, सीएसआर क्लस्टर हेड श्वेता उपाध्याय, माइंस डिवीजन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एरिया हेड शोभारानी मोहंती, एचआर अधिकारी अजीत सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालयों के प्राचार्य फादर जॉन, संतोष कुमार सीएसआर अधिकारी राकेश तिवारी, मनोज कुमार एवं स्टेम टीम के सदस्य, माइंस प्रबंधन, समुदाय के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

## डीजे वाहन की टक्कर से बाइक सवार गिरा, बच्चे को लगी चोट



**लोहरदगा:** सदर थाना क्षेत्र में एक डीजे वाहन से हुई टक्कर के कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे बाइक पर सवार एक बच्चे को चोट लग गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बच्चे को संभाला और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीजे वाहन में दोनों ओर लगभग दो-दो फीट बाहर तक लोहे का एंगल निकाला गया था, जिस पर डीजे सिस्टम लगाया गया था। बताया जा रहा है कि इसी निकले हुए एंगल की वजह से बाइक वाहन से टकरा गई और हादसा हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डीजे वाहन चालक को रोक लिया और मामले की जानकारी ली। लोगों का कहना था कि वाहन में इस प्रकार बाहर की ओर निकला हुआ लोहे का ढांचा सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है और इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक की मरम्मत कराने तथा डीजे वाहन में लगाए गए अवैध एंगल को हटाने की मांग स्थानीय लोगों ने की। कुछ देर तक मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही और मामले को लेकर चर्चा होती रही।घायल बाइक सवार की पहचान सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर निवासी के रूप में की गई है। हालांकि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन बच्चे के घायल होने से परिजनों में असंतोष देखा गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर चलने वाले डीजे वाहनों की जांच कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

## मुहर्रम को ले सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को ले सदर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में शांति समिति के सदस्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य मौजूद थे। बैठक में मुहर्रम जुलूस,सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। सभी समिति सदस्य प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर रहेगी। उन्होंने मुहर्रम कमेटियों को निर्धारित नियमों और प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने का आग्रह किया।बैठक में शन्ति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. मोईन अख्तर ने शुक्रवार को अपर बाजार एवं ईस्ट गोला रोड स्थित विभिन्न खाद्यान्न भंडारों, थोक एवं खुदरा व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच अभियान के तहत मेसर्स केशरी स्टोर, मेसर्स माँ भगवती भंडार, मेसर्स कपिल प्रसाद गल्ला दुकान, मेसर्स मित्तल स्टोर एवं मेसर्स धनपति ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मूंगफली, चना दाल, चावल, नमक, अरहर दाल तथा फिंगर चिप्स सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के वैधानिक नमूने संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठान संचालकों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जारी खाद्य लाइसेंस को दुकान में प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही खाद्यान्न से भरी बोरियों को सीधे फर्श पर रखने के बजाय लकड़ी के पट्टों या तख्तों पर रखने की सलाह दी गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कुछ भंडारण क्षेत्रों में चूहों की मौजूदगी भी दर्ज की। ऐसे प्रतिष्ठानों को पेस्ट कंट्रोल ऑफ इंडिया से प्रमाणित एजेंसी के माध्यम से पेस्ट कंट्रोल कराने का निर्देश दिया गया। डॉ. मोईन अख्तर ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि जांच के लिए भेजे गए नमूने यदि प्रयोगशाला में मानक के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सक्षम न्यायालय में अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रकार का निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक कर्मी रजनीश कुमार भी उपस्थित थे।

## कदमा गोरा हत्याकांड में आरोपी विपुल यादव ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण, इश्तेहार की बात चल गई थी पता

**जमशेदपुर** : विगत 21 नवंबर 2025 को कदमा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 2 स्थित मस्जिद के पीछे इमामबाड़ा के पास तौकिर उर्फ गोरा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आयन, विजय पांडे, सादाब खान उर्फ बिल्ली और शुभम को जेल भेजा था। वहीं बीते गुरुवार 18 जून को इसी मामले से जुड़ी धनबाद संप्रेषण गृह में पदस्थापित महिला सिपाही एग्रिको निवासी संगीता खलखो को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि मामले में अरमान, आफताब खान और विपुल यादव फरार चल रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी मामले में फरार चल रहे आरोपी आदित्यपुर एस टाइप निवासी विपुल यादव का इश्तेहार पुलिस ने बीते दिनों न्यायालय से प्राप्त किया। पुलिस अभी उसका तामिला करने की तैयारी कर ही रही थी कि इसकी जानकारी पाकर आरोपी ने भी शुक्रवार चोरी-छिपे जमशेदपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी विपुल यादव ने घटना के दिन अपने नौकर की मारुति स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 05 सीजी - 6847 का इस्तेमाल अन्य आरोपियों को घटनास्थल तक ले जाने और फिर घटना को अंजाम देने के बाद फरार होने में किया गया था। इस दौरान वह खुद ही कार चला रहा था। घटना के बाद सभी फरारी काटने के लिए कार से ही पश्चिम बंगाल कोलकाता न्यू टाउन स्थित शापूरजी पालमजी कॉलोनी चल गए थे। जिसका सारा इंतजाम विपुल यादव ने ही किया था। इसके लिए उसने अपने गांव उत्तरप्रदेश बलिया की पुस्तैनी जमीन बेचकर 55 लाख रुपए इकट्ठा किए थे। उसी पैसे से सभी आरोपी कोलकाता में छुपकर रह रहे थे। वहां इनको अरशद उर्फ मदार्ना और हैप्पी सिंह ने फ्लैट दिलवाया था। वहीं अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त कार को भी इसी कॉलोनी से जब्त किया था। वहीं जमानत पर बाहर आए आरोपी विजय पांडे ने रिमांड पर पूछताछ में पुलिस को बताया था कि घटना के बाद विपुल यादव को ही हथियार छुपाने के लिए दिया गया था। पता चला है कि आरोपी पेट्रोल पंप और ईंट भट्टा का संचालन भी करता है। फिलहाल पुलिस ने शुक्रवार ही फरार आरोपी आफताब खान का इश्तेहार भी न्यायालय से प्राप्त कर लिया है और उसके चस्पा करने की तैयारी भी कर रही है।

## 16 सूत्री मांगों को ले स्वास्थ्यकर्मियों और कर्मचारी संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगा:** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ तथा झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम/जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ, जिला शाखा लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विभिन्न मांगों के समर्थन में जुलूस एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन, लोहरदगा के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव एवं अभियान निदेशक, एनआरएचएम झारखंड को 16 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी संगठनों ने अनुबंध, पारा, संविदा एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर कर्मियों का स्थायी पदों पर समायोजन एवं नियमित नियुक्ति करने, समय पर आवंटन और वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, पांच माह से लंबित वेतन का भुगतान करने तथा दिवंगत अनुबंध एएनएम रेखा कुमारी के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा एवं एक आश्रित को स्थायी नौकरी देने की मांग उठाई। ज्ञापन में सभी प्रभावित स्वास्थ्यकर्मियों को 8 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ देने, बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था समाप्त कर उपस्थिति पंजी लागू करने, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, अनुबंध कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा और ईपीएफ सुविधा उपलब्ध कराने, दैनिक वेतनभोगियों को नियमानुसार मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने तथा महिला कर्मियों को विशेष आकस्मिक एवं मातृत्व अवकाश देने की भी मांग की गई। इसके अलावा कर्मचारियों ने 30 दिन कार्य लेने के बावजूद 26 दिन का वेतन भुगतान किए जाने की व्यवस्था को समाप्त करने, छुट्टी के दिन कार्य के बदले दोगुना भुगतान करने तथा वर्ष के विभिन्न महीनों में अतिरिक्त कार्य दिवसों के अनुरूप वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। जुलूस एवं सभा का नेतृत्व महासंघ के जिला सचिव सह पूर्व राज्याध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। सभा को किसुन दास, रोशनी कुजूर, चांदमुनी तिर्की, राजमुनि कुमारी, सूरजमनी कुमारी, रीता, प्रतिमा बाड़ा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

**लोहरदगा :** नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) लोहरदगा के अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा एवं सचिव श्री मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बक्शी दीपा के पास में LED VEN के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पीएलवी शाहिद हुसैन एवं इजहार अहमद ने एलईडी वैन के माध्यम से आम लोगों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं योजनाओं की जानकारी दी। एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित सामग्री के जरिए लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पारिवारिक एवं आपसी विवादों के समाधान, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों तथा सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों की जानकारी दी गई।इसके अलावा नशा



मुक्ति, डायन प्रथा उन्मूलन तथा अन्य सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच विधिक जानकारी से संबंधित बुकलेट एवं पंपलेट का भी वितरण किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और विधिक सेवाओं एवं अपने अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आमजन तक कानूनी जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

## उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**जमशेदपुर :** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस में शुक्रवार उपायुक्त राजीव रंजन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान भूमि अधिग्रहण मुआवजा, फीस माफी, मारपीट एवं धमकी से संबंधित मामले, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान आवंटन, सड़क मरम्मती, दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने, जमीन विवाद, भूमि पर अवैध दखल, मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने, पेयजल समस्या समेत विभिन्न जनहित एवं सामाजिक मुद्दों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। जहां उन्होंने सभी मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखते हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा। सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निष्पादन सुनिश्चित करें। ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

## कदमा गोरा हत्याकांड में आरोपी विपुल यादव ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण, इश्तेहार की बात चल गई थी पता

**जमशेदपुर :** विगत 21 नवंबर 2025 को कदमा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 2 स्थित मस्जिद के पीछे इमामबाड़ा के पास तौकिर उर्फ गोरा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आयन, विजय पांडे, सादाब खान उर्फ बिल्ली और शुभम को जेल भेजा था। वहीं बीते गुरुवार 18 जून को इसी मामले से जुड़ी धनबाद संप्रेषण गृह में पदस्थापित महिला सिपाही एग्रिको निवासी संगीता खलखो को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि मामले में अरमान, आफताब खान और विपुल यादव फरार चल रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी मामले में फरार चल रहे आरोपी आदित्यपुर एस टाइप निवासी विपुल यादव का इश्तेहार पुलिस ने बीते दिनों न्यायालय से प्राप्त किया। पुलिस अभी उसका तामिला करने की तैयारी कर ही रही थी कि इसकी जानकारी पाकर आरोपी ने भी शुक्रवार चोरी-छिपे जमशेदपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी विपुल यादव ने घटना के दिन अपने नौकर की मारुति स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 05 सीजी - 6847 का इस्तेमाल अन्य आरोपियों को घटनास्थल तक ले जाने और फिर घटना को अंजाम देने के बाद फरार होने में किया गया था। इस दौरान वह खुद ही कार चला रहा था। घटना के बाद सभी फरारी काटने के लिए कार से ही पश्चिम बंगाल कोलकाता न्यू टाउन स्थित शापूरजी पालमजी कॉलोनी चल गए थे। जिसका सारा इंतजाम विपुल यादव ने ही किया था।

# खुदरा सब्जी विक्रेता वेंडिंग जॉन एक स्थान पर लगने से जनता को लाभ होगा : नीरज मंडल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़ :** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ न्यू वेंडिंग जॉन की एक महत्वपूर्ण बैठक छावनी अधिशासी अधिकारी श्री विवेक कुमार सिंह से मौखिक आदेश पर की गई ' इस बैठक के दौरान संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल ने सभी खुदरा सब्जी विक्रेता को बताया कि छावनी अधिशासी अधिकारी श्री विवेक कुमार सिंह ने मौखिक आदेश दिया है कि जिनको भी न्यू वेंडिंग जॉन में दुकान आवंटित है वह लोग अपने स्थान पर सब्जी दुकान लगाएंगे पुराना बस स्टैंड में कोई भी आवंटित दुकानदार वहां दुकान नहीं लगाएंगे अगर कोई दुकानदार लगाएंगे तो आवंटित दुकान को रद्द की जाएगी ओर कार्रवाई की जाएगी ' इसके लिए सभी को जागरूक किया गया है ' ओर साथ ही कहा कि रामगढ़ कैंट क्षेत्र में करोड़ों रुपय की लागत से निर्मित वेंडिंग जोन आज उपेक्षित एवं बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। वेंडिंग जोन का मुख्य उद्देश्य सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानों को व्यवस्थित करना एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है किंतु वर्तमान समय में वेंडिंग जोन का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है । इसके परिणामस्वरूप अनेक सब्जी एवं फल विक्रेता पुनः जहां-तहां मुख्य सड़क एवं चौराहों के किनारे दुकानें लगाने लगे हैं, जिससे प्रतिदिन जाम की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही है । ऐसे में आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही दुर्घटना की संभावना भी लगातार बनी रहती है।

वेंडिंग जोन पुनः व्यवस्थित रूप से चल सके इसका प्रयास हम सभी को करना है । मौके पर सचिव संजय कुशवाहा ने सभी खुदरा सब्जी एवं फल विक्रेताओं को निर्धारित वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने हेतु आग्रह किया । कोई भी सड़क के किनारे सब्जी विक्रेता ना बैठे इसका प्रयास हम सभी को करना है । इस बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष नीरज मंडल, सचिव संजय कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, राम प्रवेश गुप्ता, अजय कुशवाहा, सुखदेव साव, लेखनाथ महतो, अजय कुमार, बिनोद कुमार, बसंत कुमार, मुकेश कुमार, महेन्द्र कुमार, लालेश्वर, राजू कुमार, सुनिल कुमार, संभू कुमार, मालती देवी, बेबी देवी, बबिता देवी, फुल मटिया देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, रीना देवी, सबिता देवी, रेणु देवी, तारा देवी, रंजू कुमारी, रमनी देवी, संत साहू, लिखना महतो, पवन साहू, तूफान कुमार , रीता देवी, इंदु देवी वर्मा, काजल देवी, ज्योति देवी, कृष्ण चटर्जी सरिता चौधरी अनीता देवी पुष्पा देवी ममता देवी सुशीला देवी आशा देवी सावित्री देवी सुनीता देवी मौजूद थी '

# रांची नगर निगम में पुराने जन्म प्रमाणपत्र के आवेदन पर ब्रेक, इस तारीख तक लोगों को करना होगा इंतजार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** यदि आप पुराने जन्म प्रमाण पत्र (ओल्ड बर्थ सर्टिफिकेट) बनवाने, उसमें सुधार कराने या उसके आधार पर नया प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए रांची नगर निगम का रुख कर रहे हैं, तो फिलहाल आपको निराश होना पड़ सकता है. नगर निगम ने पुराने जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े नए आवेदनों की प्रक्रिया अस्थायी रूप से रोक दी है. इसकी वजह केंद्र सरकार के सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (उफ्र) पोर्टल में अचानक किए गए बदलाव बताए जा रहे हैं. बिना पूर्व सूचना और पर्याप्त तकनीकी प्रशिक्षण के लागू किए गए इस बदलाव ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है बल्कि निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी असमंजस की स्थिति में डाल दिया है।

**पोर्टल में बदलाव के बाद पुराने रिकॉर्ड के सत्यापन और नए प्रमाणपत्र की प्रक्रिया प्रभावित:** नगर निगम में रोजाना बड़ी संख्या में लोग जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों के लिए पहुंचते हैं. इनमें कई ऐसे लोग भी होते हैं, जिन्हें पासपोर्ट, शैक्षणिक नामांकन, सरकारी योजनाओं, नौकरी और अन्य जरूरी दस्तावेजों के लिए जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है लेकिन पोर्टल में हुए बदलाव के बाद पुराने रिकॉर्ड के सत्यापन और नए प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है. ऐसे में लोगों को बार-बार निगम कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है जबकि अधिकारियों के पास भी फिलहाल स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं हैं।

**अब दो कार्यालयों के लगाने होंगे चक्कर:** नई व्यवस्था के तहत पुराने जन्म प्रमाणपत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक जटिल हो सकती है. निगम के अधिकारियों के अनुसार, एक जुलाई से आवेदन लेने की प्रक्रिया फिर शुरू होगी लेकिन इसके बाद आवेदकों को सत्यापन के लिए रांची नगर निगम के साथ-साथ जिला प्रशासन के संबंधित कार्यालयों के भी चक्कर लगाने पड़ सकते हैं. ऐसे में दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को अतिरिक्त समय और आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता है।

निगम के एक अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन प्रणाली में बड़े बदलाव लागू करने से पहले संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण देना और जनता को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी होता है लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ, जिसके कारण स्थिति और जटिल हो गई है।

**डेटा वेरिफिकेशन सबसे बड़ी चुनौती:** नगर निगम के सामने सबसे बड़ी समस्या पुराने रिकॉर्ड के सत्यापन को लेकर है. दरअसल, कुछ साल पहले तक जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में प्रज्ञा केंद्रों की भी भूमिका थी. उस समय जारी किए गए कई प्रमाणपत्रों का पूरा डिजिटल रिकॉर्ड नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं है. ऐसे मामलों में जब लोग नया प्रमाणपत्र या संशोधन के लिए आवेदन करेंगे, तो उनके दस्तावेजों का सत्यापन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी (डीएसओ) कार्यालय के माध्यम से कराना पड़ सकता है।

आवेदन लेने की प्रक्रिया पर रोक अधिकारियों का कहना है कि जिन प्रमाणपत्रों का रिकॉर्ड निगम के पास उपलब्ध है, उनके सत्यापन में ज्यादा परेशानी नहीं होगी लेकिन जिन मामलों में रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, वहां प्रक्रिया लंबी और जटिल हो सकती है. यही कारण है कि फिलहाल आवेदन लेने की प्रक्रिया को रोककर पहले नई व्यवस्था को समझने और तकनीकी पहलुओं को स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

**टोकन सिस्टम भी बेअसर:** एक ओर जन्म प्रमाणपत्र से जुड़ी प्रक्रिया प्रभावित है दूसरी ओर नगर निगम की व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए शुरू किया गया टोकन सिस्टम भी फिलहाल दम तोड़ता नजर आ रहा है.

# पुलिस मुख्यालय में मुहर्रम को लेकर 22 को डीजीपी की समीक्षा बैठक, दिए जाएंगे निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय पूरी तरह सक्रिय हो गया है. पुलिस मुख्यालय की ओर से राज्य के सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी करते हुए 22 जून को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होने को कहा गया है. महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा की अध्यक्षता में 22 जून को दिन के 3 बजे पुलिस मुख्यालय सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में मुहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा होगी. पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एजेंडा के अनुसार, जिलों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की स्थिति की समीक्षा की जाएगी. बैठक में मुहर्रम जुलूसों के रूट लाइन और लाइसेंसिंग, ड्रोन व वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी, दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति, बैंकिंग-टॉकिंग व्यवस्था तथा जुलूस मार्गों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी. इसके अलावा दंगा-रोधी उपकरणों, वज्र वाहन, वॉटर कैनन, एंटी रायट कंट्रोल ड्रिल, फ्श्च्र्ऋ की तैनाती के अलावा स्निफर डॉग और इउ्रूर (बम निरोधक दस्ता) की उपलब्धता का भी आकलन किया जाएगा. पुलिस मुख्यालय ने जिलों को सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया है. भड़काऊ पोस्ट, अफवाह और सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ डीजे और अन्य साउंड सिस्टम के जरिए उत्तेजक गीतों के प्रसारण को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है. बैठक में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस की उपलब्धता, बिजली विभाग और अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय, सुरक्षा बलों के भोजन, आवास और पेयजल की व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर भी समीक्षा की जाएगी.

# सड़क या खेत? पहली बारिश में बदहाल हुई तमाड़ की मुख्य सड़क

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़:** शुक्रवार को हुई पहली ही बारिश ने रायडीह-तमाड़ प्रखंड मुख्यालय पथ की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी। सड़क पर जगह-जगह जलजमाव होने से पूरा मार्ग पानी-पानी हो गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक बारिश में सड़क की यह स्थिति है, तो पूरे मानसून में आवागमन और भी कठिन हो जाएगा। गौरतलब है कि यह तमाड़ प्रखंड का प्रमुख मार्ग है, जिसके इसी रास्ते कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय एवं संस्थान स्थित हैं। इनमें प्रखंड सचिवालय, प्रखंड मानव संसाधन केंद्र, कृषि तकनीकी केंद्र, लैम्पस कार्यालय, आवासीय बालिका विद्यालय, पावर हाउस, प्रखंड खाद्य आपूर्ति कार्यालय, बैंक ऑफ इंडिया, तमाड़ थाना, वन विभाग तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अनेक सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठान शामिल हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों और सैकड़ों वाहनों का इस मार्ग से आवागमन होता है। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी इसी सड़क का उपयोग करते हैं। स्थानीय सांसद और विधायक का आवागमन भी समय-समय पर इसी मार्ग से होता है। इसके बावजूद सड़क की जर्जर स्थिति और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह मुण्डा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी सहित कई स्थानीय नागरिकों ने सरकार और प्रशासन से अविलंब इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने तमाड़ प्रखंड की अन्य जर्जर सड़कों की भी शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने की अपील की है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो भाजपा कार्यकताओं एवं आम नागरिकों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच तमाड़ की सड़कों की बदहाली आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि बरसात के मौसम में इन समस्याओं का समाधान कब तक किया जाता है।

# महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को मिला स्वास्थ्य व दंत जांच का लाभ



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, बुंडू में भगवान महावीर मणिपाल अस्पताल, रांची के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, कॉन्फिडेंट हेल्थ केयर द्वारा दंत जांच की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय द्वारा चिकित्सकों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. अंकिता मिश्रा ने विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता प्रस्तुति दी। शिविर में बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और रोजाना स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया। इस जांच शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ी। शिविर में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी के स्वस्थ एवं जागरूक जीवन के संकल्प के साथ हुआ।

# साउथ एशियन थ्रो बॉल चैंपियनशिप: भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीता गोल्ड

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित द्वितीय साउथ एशियन थ्रो बॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन भारतीय टीमों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ. भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान की टीमों की भागीदारी वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा साबित किया. वहीं भारत को ओवरऑल चैंपियन का खिताब भी मिला।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. पुरुष वर्ग में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला खेला गया, जबकि महिला वर्ग में भारत का सामना बांग्लादेश से हुआ. दोनों वर्गों में भारतीय टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

**महिला फाइनल में खेल से ज्यादा विवाद की चर्चा:** महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला भारत और बांग्लादेश के बीच खेला गया लेकिन मैच के दौरान एक असहज स्थिति भी देखने को मिली. मुकाबले के बीच बांग्लादेश की खिलाड़ियों ने रेफरी पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए खेल रोक दिया. तीन सेटों के इस मुकाबले में केवल एक सेट ही सामान्य तरीके से खेला जा सका. दूसरे सेट के दौरान बांग्लादेशी टीम ने कोर्ट का बहिष्कार कर दिया और खेल बीच में रोक दिया।

स्थिति को संभालने के लिए आयोजकों और अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा. चेतावनी और समझाइश के बाद मैच दोबारा शुरू हुआ, लेकिन बांग्लादेशी टीम पूरी तरह सामान्य लय में नहीं लौट सकी. अंततः भारतीय टीम को विजेता घोषित किया गया और बांग्लादेश ने हार स्वीकार कर ली. इस मुकाबले के बाद ईटीवी भारत से बातचीत में बांग्लादेश महिला टीम की कप्तान झरना अख्तर ने भारतीय मेजबानी और आयोजन की सराहना की लेकिन साथ ही रेफरी के फैसलों पर सवाल भी उठाए. उन्होंने कहा कि कुछ निर्णय उनकी टीम के खिलाफ गए, जिससे खिलाड़ियों में असंतोष पैदा हुआ। वहीं भारतीय महिला खिलाड़ियों ने बांग्लादेशी टीम के रवैये पर नाराजगी जताई. भारतीय खिलाड़ियों का कहना था कि खेल के दौरान हर टीम को खेल भावना का परिचय देना चाहिए और किसी भी विवाद का समाधान निर्धारित प्रक्रिया के तहत होना चाहिए. महिला वर्ग में भारत ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बांग्लादेश को रजत और श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

# विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस: एनीमिया के प्रति आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** हर साल 19 जून को 'विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस' मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र ने 2008 में इस दिन की शुरूआत की थी. जिसका मकसद सिकल सेल रोग के बारे में लोगों को जागरूक करना और मरीजों को बेहतर इलाज देना था. विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर 19 जून को रांची के सदर अस्पताल में एक कार्यक्रम आयोजित कर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी।

**झारखंड के पास नहीं है बीमारी का आंकड़ा:** भारत और खासकर उसमें भी आदिवासी समुदाय की बहुलता वाले राज्य झारखंड में इस जेनेटिक बीमारी से ग्रस्त मरीजों की काफी संख्या है. हैरत की बात यह है कि झारखंड में जहां इस बीमारी के मरीजों की संख्या काफी है, वहां एक निश्चित सरकारी आंकड़ा तक विभाग के पास उपलब्ध नहीं है. ठफ्त्नट झारखंड के क्ए3 अधिकारी डॉ आरके सिंह कहते हैं कि राज्य में वर्तमान समय में सिकल सेल एनीमिया के कितने मरीज हैं, इसका कोई निश्चित आंकड़ा विभाग के पास नहीं है। इस बीमारी को लेकर कई मीडिया रिपोर्ट और जेनेटिक ब्लड रिलेटेड डिसऑर्डर पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन और चिकित्सकों का अनुमान है कि झारखंड की लगभग 5 प्रतिशत सामान्य आबादी और लगभग 12 प्रतिशत आदिवासी आबादी सिकल सेल एनीमिया डिजीज या इसके वाहक हो सकते हैं।

# 15 दिन में सुधरें अस्पताल, नहीं तो हटेंगे सिविल सर्जन: इरफान अंसारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं और राज्यसभा चुनाव के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिए 15 दिन का समय दिया है, वहीं राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार की हार के लिए राजद और माले को जिम्मेदार ठहराया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर सदर अस्पतालों की स्थिति में सुधार करें. उन्होंने साफ कहा कि यदि तय समय में खामियां दूर नहीं हुईं तो संबंधित सिविल सर्जनों को पद से हटा दिया जाएगा।

अस्पतालों में एंबुलेंस की कमी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि अधिकांश सदर और रेफरल अस्पताल अपनी एंबुलेंस के बजाय 108 सेवा पर निर्भर हैं. खराब पड़ी एंबुलेंसों की रिपोर्ट मांगी गई है. साथ ही राज्य सरकार 224 नई एंबुलेंस खरीदने की तैयारी कर रही है. उन्होंने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा में लगातार मिल रही शिकायतों के कारण उसकी प्रक्रिया रद्द कर नई व्यवस्था लागू की जाएगी।

इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में टीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए जल्द ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात करेंगे और केंद्र से अतिरिक्त फंड की मांग करेंगे.अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड को केंद्र सरकार से सहयोग और फंड की जरूरत है, इसलिए केंद्र की गाइडलाइन का पालन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि वह 21 जून को आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर योग भी करेंगे।

राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार की हार पर स्वास्थ्य मंत्री ने राजद और माले पर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों ने विश्वासघात किया और महागठबंधन की पीठ में खंजर घोंपा. उनका दावा है कि कांग्रेस और झामुमो के वोट पूरी तरह एकजुट रहे, जबकि राजद और माले के वोटों में गड़बड़ी हुई.

राजद नेताओं द्वारा कांग्रेस प्रभारी पर लगाए जा रहे आरोपों को भी उन्होंने खारिज किया. उन्होंने कहा कि गठबंधन में रहते हुए इस तरह की बयानबाजी उचित नहीं है. साथ ही दावा किया कि मतदान का पूरा रिकॉर्ड निकलवाया जा रहा है और जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

# बीडीओ अनिल कुमार मिंज ने लिया पदभार, बोले- अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़।** प्रखंड के नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अनिल कुमार मिंज ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। सीओ सह प्रभारी बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। इस अवसर पर समरेश प्रसाद भंडारी ने गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के बाद प्रखंड सभागार में परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नये बीडीओ का स्वागत करते हुए प्रखंड के विकास कार्यों में तेजी लाने की उम्मीद जताई। मौके पर बीडीओ अनिल कुमार मिंज ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सहयोग से विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का भरोसा दिलाया।

# झारखंड के डालटनगंज में 42 डिग्री की तपिश, लेकिन अब बदलेगा मौसम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने लगा है. मौसम विभाग के अनुसार 19 जून को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. पूर्वी और निकटवर्ती मध्य झारखंड के कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं. इससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

**19 जून का मौसम:** मौसम केंद्र रांची के अनुसार राज्य में सामान्यतः बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी. विशेष रूप से रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां जिलों में मौसम का असर अधिक देखने को मिल सकता है।

राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात तथा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी है।

**20 जून को क्या रहेगा हाल:** 20 जून को भी पूरे राज्य में आंशिक से लेकर सामान्य बादल छाए रहने की संभावना है. कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है. राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है. इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी झारखंड के पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों में कहीं-कहीं गर्म एवं उमस भरा मौसम बना रह सकता है।

**21 जून को भी जारी रहेगा बारिश का दौर:** 21 जून को भी मौसम का रुख लगभग समान रहने का अनुमान है. राज्य में बादल छाए रहेंगे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना जताई है।

**तापमान में आएगी गिरावट:** मौसम केंद्र रांची का अनुमान है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले तीन दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. ऐसे में भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

**तापमान का हाल:** रांची स्थित मौसम केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटनगंज में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.1 डिग्री अधिक है. इससे साफ है कि पलामू प्रमंडल में गर्मी का असर अभी भी बरकरार है. वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया.रांची में 35.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 1.6 डिग्री ज्यादा है. दूसरी ओर जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक है ।

**न्यूनतम तापमान का हाल:** अगर न्यूनतम तापमान की बात करें तो रांची में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री कम है. वहीं जमशेदपुर में रात का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है।

# बुंडू के तेतरटांड़ जंगल में सिर कटा अधजला शव मिलने से सनसनी, हत्या कर पहचान मिटाने की आशंका

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बुंडू:** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुमनडीह गांव के समीप तेतरटांड़ के जंगली इलाके से शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा अधजला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर बुंडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल, टेक्निकल टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। मौके पर बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो सहित पुलिस के अधिकारी और जवान मौजूद रहे। डीएसपी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा अधजला शव बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया आशंका है कि हत्या के बाद शव पर पेट्रोल डालकर आग लगाई गई, ताकि मृतक की पहचान और घटना से जुड़े साक्ष्यों को मिटाया जा सके। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई पर "Sanjoy Pal" अथवा "Paj" जैसा गोदना बना हुआ है। उसके गले में पीले रंग की आर्टिफिशियल रुद्राक्ष की माला भी मिली है, जिसमें भूरे रंग का एक बड़ा रुद्राक्ष लगा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी थाना क्षेत्र में इससे मिलता-जुलता कोई गुमशुदगी का मामला दर्ज हो, तो बुंडू थाना के मोबाइल नंबर 9065319123 पर सूचना दें। शव को शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स, रांची भेजा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस ने मनाया उत्सव, केक काटा और किया वृक्षारोपण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज**।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय,साहेबगंज में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने केक काटकर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य,दीघार्यु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की।साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम में राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र,संविधान,सामाजिक न्याय तथा देश के वंचित,शोषित एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे संघर्ष एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी आज देश के युवाओं,किसानों,मजदूरों तथा आमयू जनता की आवाज बनकर लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का जीवन जनसेवा,सामाजिक न्याय और देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने के प्रति समर्पित रहा है।उनके विचार और संघर्ष करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।श्री खान ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सद्भाव,लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनहित के मुद्दों को और मजबूती प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।कार्यक्रम का समापन राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में सामाजिक न्याय, भाईचारा, लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं जनकल्याण के मूल्यों को सशक्त बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।इस अवसर पर बास्कीनाथ यादव,मो कलीमुद्दीन, उमेश पांडे ,सरफराजआलम,रामसिंगारओझा, मो सलाउद्दीन, उमेश तिवारी, गणेश साहा,नेहाल अख्तर,थॉमस रॉबर्ट, मजहर खान,सतीश पासवान,मो रिजवान अहमद,मो नौसाद,मो रियाज,मो मिराज,सत्यम यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## जैप 9 में लगाया गया स्वास्थ शिविर में जवानों की गई जांच



**साहिबगंज**।जिले के जैप-9 में साहिबगंज शहरी के चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को एक विस्तृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जैप-9 के जवानों का जांच व जीवन रक्षक दवाई वितरित की गई। इसमें सभी जवानों का शुगर, ब्लड प्रेशर और मलेरिया का जांच किया गया। जैप-9 के डीएसपी अजय केरकेट्टा ने स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद देकर शिविर का समापन किया। ऐसे शिविर महीने में दो बार लगाने का आग्रह भी किया गया। शिविर में चिकित्सक पदाधिकरी के अलावा फार्मासिस्ट मोनू मैथ्यू मुर्मू, लैब टेक्नीशियन अमित यादव, एएनएम भवानी कुमारी साहा, एएनएम खुशबू कुमारी, एमटीएस दिनेश मरांडी समेत अन्य थे।

## कोटालपोखर संत जेवियर्स स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**बरहरवा/साहिबगंज।** नशे के बढ़ते खतरे से युवाओं को बचाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए शुक्रवार को कोटालपोखर स्थित संत जेवियर्स स्कूल में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. स्टीफन राज सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने विद्यार्थियों को ड्रग्स एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ - साथ उसके मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन या गलत संगति से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने भविष्य और करियर के प्रति सजग रहना चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यदि उनके आसपास नशे से जुड़ी कोई गतिविधि दिखाई दे तो इसकी जानकारी तुरंत अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस प्रशासन को दें। विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. स्टीफन राज ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान विद्यार्थियों को सही दिशा देने और समाज को नशामुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण और स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## तीनपहाड़ इमामबाड़ा में मुहर्रम कमिटी का हुआ गठन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ में आगामी होने वाले त्यौहार मोहर्रम को लेकर इमामबाड़ा में गुरुवार देर शाम मो हुसैन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन किया गया।बैठक में सार्वजानिक मुहर्रम कमिटी तीनपहाड़ का गठन किया गया।जिसमें सर्व सहमति से कमिटी का संरक्षक मो हुसैन,मो नाजिम लड्डू, और अध्यक्ष नुरुल अमीन,उपाध्यक्ष शंभु भगत,मो वकार,सचिव मो जमीर, उपसचिव इम्तियाज छोटू,अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष शकील अंसारी, सह कोषाध्यक्ष तबरेज अंसारी,राशिद बबुआ को बनाया गया।बैठक में कमिटी के लोगो ने बताया कि मुहर्रम आने वाली 26 जून को मनाई जाएगी।जिसकी तैयारी हम सभी को अभी से ही शुरू कर देनी होगी और हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव सभी के समक्ष रखा गया।बैठक में हुसैन अंसारी, नाजिम लड्डू, मुर्शिद राजा, मो सैफी, राजू नसीम, शकील अंसारी, पप्पू, फिरोज राजा, समसेर अंसारी, नुरुल अमीन, शाहिद रिजवी, मो वकार, अनवर अंसारी, जमीर अंसारी, मो भोला, इम्तियाज बबुआ, बासु, मिंटू खान, मो छोटू, मो लोटन,मो फिरोज, मो रियाज सहित अन्य मोजूद थे।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस ने किया सेवा कार्य, मरीजों के बीच बांटे फल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर बरहरवा में कांग्रेस कार्यकताओं ने जनसेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक शुभकामनाएं दीं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू ने किया। कार्यकताओं ने राहुल गांधी के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिवस मनाया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने राहुल गांधी के सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों पर किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाते रहे हैं। कार्यकताओं ने उनके विचारों को जन - जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जन्मदिवस समारोह के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना गया तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान उपस्थित रहे। उन्होंने राहुल गांधी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनसेवा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए उनका संघर्ष देश के युवाओं और कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकताओं से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरा आयोजन उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## बरहरवा लोहा पुल के पास भीषण सड़क हादसा, तीन युवक घायल



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा मेन रोड स्थित लोहा पुल के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने - सामने टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों बाइकों को भारी नुकसान पहुंचा और सड़क पर कुछ समय के लिए अफरा - तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, प्रवीण घोष अपने साथी संदीप घोष के साथ सुपर स्प्लेंडर बाइक से स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बजाज पल्सर बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद तीनों सवार सड़क पर गिर पड़े और चोटिल हो गए। पल्सर बाइक चला रहे युवक की पहचान गोरा चांदपुर निवासी मुशर्रफ शेख के रूप में हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को सड़क से उठाया और इलाज के लिए बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार, तीनों को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं, लेकिन उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना की संभावित वजह माना जा रहा है। इधर, स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से यातायात नियमों के सख्ती से पालन कराने, नियमित वाहन जांच अभियान चलाने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी सफलता, दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, चार नाबालिगों को मानव तस्करी व बाल श्रम के खतरे से बचाया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने अपराध नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग - अलग कार्रवाइयों में बड़ी सफलता हासिल की है। एक ओर जहां दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए, वहीं दूसरी ओर मजदूरी के लिए घर से भागकर लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे चार नाबालिग बालकों को सुरक्षित बचाकर पुनर्वास हेतु संबंधित संस्था को सौंप दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार प्लेटफॉर्म संख्या - 3 पर खड़ी विश्वभारती पैसेंजर ट्रेन की जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को कोच के भीतर घूमते देखा गया। पूछताछ के लिए रोकने पर दोनों भागने लगे, लेकिन आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम चांद शेख (25 वर्ष) एवं इस्तेफाक शेख (30 वर्ष), दोनों निवासी पाकुड़ जिला बताया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि दो मोबाइल रेलवे स्टेशन के द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में सोए यात्रियों तथा दो मोबाइल टिकट काउंटर के पास सोए लोगों से चोरी किए गए थे। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 53,488 रुपया बताई गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को बरामद सामान के साथ जीआरपी बरहरवा को सौंप दिया गया। वहीं 18 जून की रात मानव तस्करी, घर से भागे बच्चों एवं बाल श्रम की रोकथाम को लेकर चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान आरपीएफ और मंथन संस्था की संयुक्त टीम ने सिग्नल ऑफिस के समीप चार नाबालिग बालकों को संदिग्ध स्थिति में पाया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे बिना अभिभावकों को बताए घर से निकलकर पाकुड़ जिले से बरहरवा पहुंचे थे और मजदूरी करने के उद्देश्य से लखनऊ जाने की योजना बना रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी बच्चों को सुरक्षा के लिए आरपीएफ पोस्ट लाया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों नाबालिगों को आगे की कार्रवाई एवं पुनर्वास हेतु मंथन संस्था, साहिबगंज की प्रतिनिधि आराधना मंडल के सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि रेलवे परिसर में अपराध, मानव तस्करी, बाल श्रम तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी और गश्ती अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि यात्रियों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## किसानों को कृषि ऋण एवं मृदा सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज**।किसानों को सुलभ कृषि ऋण उपलब्ध कराने तथा खेतों को विभिन्न प्रकार की क्षति से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजमहल प्रखंड सभागार में किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेत बचाओ अभियान विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजमहल मो0 यूसुफ की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, साहिबगंज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस तथा कृषि समन्वयक निकेश कुमार सहित अन्य कृषि एवं बैंकिंग विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों हेतु कम ब्याज दर पर उपलब्ध ऋण, आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ्रखेत बचाओ अभियान्र के तहत फसलों को कीट एवं रोगों से बचाव, आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग, समय पर कृषि प्रबंधन तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।अधिकारियों ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विभिन्न योजनाओं एवं कृषि संबंधी विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

## साहिबगंज के 50 स्कूलों में होगा पीएम पोषण योजना का सामाजिक अंकेक्षण

**साहिबगंज।** जिले में झारखंड राज्य मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण) का सामाजिक अंकेक्षण जिले के विभिन्न प्रखंडों के 50 विद्यालयों में कराया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बरहेट, बरहरवा, बोरियो, मंडरो, पतना, राजमहल, साहिबगंज, तालझारी एवं उधवा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जुलाई 2026 से पूर्व का विद्यालयों में अंकेक्षण दल द्वारा योजना के क्रियान्वयन, भोजन की गुणवत्ता, खाद्यान्न उपयोग, छात्र उपस्थिति तथा अभिलेखों की जांच की जाएगी। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य योजना में पारदर्शिता बढ़ाना तथा विद्यालय स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना है। जिले में बरहेट एवं बरहरवा प्रखंड के 6-6, बोरियो, मंडरो, पतना एवं उधवा के 5-5, जबकि राजमहल, साहिबगंज एवं तालझारी प्रखंड के 6-6 विद्यालयों का चयन किया गया है। अंकेक्षण के दौरान अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है।

# उधवा में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मोहर्रम लॉज में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो० बदरूद्दोजा के अध्यक्षता में कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन पर कार्यकताओं ने बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वही साहिबगंज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तनवीर राजा नेतृत्व में उधवा अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया ' तनवीर राजा ने कहा कि राहुल गांधी भारत के गरीब, हाशिए पर पड़े और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। बेजुबानों की आवाज, कमजोरों के लिए ताकत का स्तंभ, हमारे संविधान के संरक्षक, सर्वोत्कृष्ट न्याय योद्धा और भारत के गौरवशाली भविष्य की सबसे उज्ज्वल उम्मीद है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की संविधान में बताए गए मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता है ' तथा सबसे खराब गालियों का सामना किया है, हर तरफ से हमलों का सामना किया, लेकिन वे हमेशा अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे और कभी भी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए, विपक्ष चाहे उन्हें कितना भी उपहास या अपमान क्यों न सहना पड़े। आज हमारे देश में उनके रूप में एक विवेकशील रक्षक और एक ऐसा नेता है, जिसका आजीवन मिशन हमारे देश को हमारे सभी सपनों का समावेशी, प्रगतिशील और समृद्ध राष्ट्र बनाना है। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार ,जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी ऐनुल हक अंसारी, जिला सचिव हाफिज सईद अख्तर, जिला सचिव रब्बानी सेख, जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आरिफ आलम, मंडल अध्यक्ष मो० मुर्सालिम, गुफरान आलम, गुलाम सरवर, मोतीउर रहमान, मुबारक हुसैन, जमील अख्तर, राणा खान, जहांगीर आलम,आदि उपस्थित थे।

## तीनपहाड़ मुख्य बाजार में हाईवा के डाला का कड़ी खुल जाने से घाटों लगी जाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तीनपहाड़/साहिबगंज**।तीनपहाड़ मुख्य बाजार में शुक्रवार को मुख्य सड़क पर एक गिट्टी लदा हाईवा ट्रक के डाला का कड़ी खुल जाने से ट्रक पर लदी गिट्टी सड़क पर बिखर गया।घटना के बाद सड़क पर आधा घंटा लगभग जाम लग गई।जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,सड़क पर अचानक गिट्टी गिरने से घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।इस दौरान छोटे-बड़े वाहन,यात्री वाहन तथा राहगीर फंसे रहे।वही संयोग अच्छा रहा कि घटना के समय कोई व्यक्ति गिट्टी की चपेट में नहीं आया,अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।वही लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन,यातायात प्रबंधन की कमी के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है जिससे व्यापारियों और राहगीरों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित यातायात नियंत्रण,भारी वाहनों के प्रवेश पर निगरानी तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। घटना के बाद काफी मशक्कत के बाद सड़क पर गिरी गिट्टी को हटाया गया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

## जैप-9 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, जवानों की हुई स्वास्थ्य जांच व दवाइयों का वितरण



**साहिबगंज**।जिले के जैप-9 परिसर में शुक्रवार को साहिबगंज शहरी स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किया, जिसमें जैप-9 के जवानों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के दौरान जवानों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं मलेरिया की जांच की गई। चिकित्सकों ने जांच के बाद जवानों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए। कार्यक्रम के समापन पर जैप-9 के डीएसपी अजय केरकेट्टा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन प्रत्येक माह दो बार कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से जवानों के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी। इस अवसर पर फार्मासिस्ट मोनू मैथ्यू मुर्मू, लैब टेक्नीशियन अमित यादव, एएनएम भवानी कुमारी साहा, खुशबू कुमारी, एमटीएस दिनेश मरांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# मनरेगा, आवास एवं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**उप विकास आयुक्त ने लिट्टीपाड़ा प्रखंड के तालपहाड़ी पंचायत में विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़** : उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत तालपहाड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर मनरेगा एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, कूप निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण तथा आवास निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने योजनाओं की गुणवत्ता, प्रगति एवं लाभुकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का अपेक्षित लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित योजनाएं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण एवं संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने तथा कूप निर्माण एवं आवास निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने लाभुकों से भी संवाद कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मौके पर परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, बीपीओ मानिक दास, सहायक अभियंता साइमन हेम्ब्रम एवं मुखिया उपस्थित थे।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल का उल्लंघन करने के लिए 11 पेट्रोल पंप को नोटिस

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**धनबाद**।राष्ट्रीय राजमार्ग को एक्सिडेंट फ्री बनाने के लिए हाईवे टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टास्क फोर्स हरिहरपुर से मैथन तक एनएच की निगरानी करेगी। यह शनिवार से ही एक्शन में आ जाएगी। टास्क फोर्स के साथ पुलिस की टीम रहेगी, जो राष्ट्रीय राजमार्ग की दिन रात निगरानी करेगी। एनएच पर स्थित पेट्रोल पंप, बड़े प्रतिष्ठान, क्लिनिक, होटल में फर्स्ट एड कॉर्नर बनाया जाएगा। साथ-साथ नो हेलमेट नो पट्रोल का उल्लंघन करने वाले 11 पेट्रोल पंप को नोटिस कर पूछा जाएगा कि क्यों नहीं उनका लाइसेंस रद्द किया जाए।उपरोक्त निर्णय आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया।बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ती सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात उसे एक्सीडेंट फ्री बनाने के लिए हाईवे टास्क फोर्स का गठन किया गया। टास्क फोर्स का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी एवं ट्रैफिक डीएसपी करेंगे। टास्क फोर्स के साथ पुलिस की टीम भी रहेगी। जो केवल एनएच की निगरानी करेगी। बैठक में उपायुक्त ने निरसा देवयाना स्थित भारत पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, बाबा लोकनाथ सर्विस स्टेशन, आकाश फ्यूल्स, धनसार के कुमार फ्यूल्स, जोड़ाफाटक के मां शक्ति फ्यूल्स, मनईटांड के मंगलम फ्यूल्स, पुटकी के चीरुडीह पेट्रोल पंप, बस्ताकोला के गुप्ता एनर्जी, झरिया के रतन जी भगवान जी एंड कंपनी, कुमारधुबी के तालडंगा पेट्रोल पंप सहित 11 पेट्रोल पंप को नो हेलमेट नो पेट्रोल का उल्लंघन करने के लिए नोटिस भेजने का निर्देश दिया।एनएच पर दुर्घटना के दौरान घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए एनएच पर स्थित क्लीनिक, बड़े प्रतिष्ठान, होटल में फर्स्ट एड कॉर्नर विकसित किया जाएगा। इनके कर्मचारियों को घायलों को प्राथमिक उपचार देने, एंबुलेंस बुलाने सहित आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी श्री एस मोहम्मद याकूब, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री विकास पालीवाल, अनुमंडल दंडाधिकारी श्री लोकेश बारंगे, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, डीएसपी ट्रैफिक श्री रोहित कुमार साव के अलावा सड़क सुरक्षा टीम, जेबीवीएनएल, रेलवे, बसीसीएल, एनएचएआई के पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# आमटाल पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर/धनबाद**।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को आमटाल पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षित जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजयकांत श्रीवास्तव एवं जे. जननी ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है तथा आर्थिक या सामाजिक कारणों से कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपस्थित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानून, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध तथा लोक अदालत की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी बताया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और विधिक जागरूकता अभियान की सराहना की। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान सहायक लीगल एट डिफेंस काउंसिल शैलेंद्र झा , कन्हैया लाल ठाकुर मुखिया संजय गोराई पंचायत सचिव मनोज कुमार मंडल एवं अधिकार मित्र एजाज अहमद जगदीश रजक राजू प्रमाणिक संतोष कुमार सिंह दीपेंती गुप्ता हेमराज चौहान राजेंद्र शर्मा काजल कुमारी आनंद चक्रवर्ती उपस्थित रहे ।

# गर्री कला उच्च विद्यालय में 'हुनर भी रोजगार भी' कार्यक्रम, कल्याण गुरुकुल देगा रोजगार प्रशिक्षण



**केरेडारी/गर्री कला**: उच्च विद्यालय गर्री कलाँ में कल्याण गुरुकुल ढंल्ल कक्ष्ळ एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन फाउंडेशन के सहयोग से 'हुनर भी रोजगार भी' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामजीवन महतो ने की। कार्यक्रम में बताया गया कि कल्याण गुरुकुल के माध्यम से युवाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद देश-विदेश में सौ प्रतिशत रोजगार की व्यवस्था की जाती है।

**उपलब्ध ट्रेड**: – लड़कों के लिए: प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पाइप फिटर
- लड़कियों के लिए: नर्सिंग आदि

इस मौके पर कल्याण गुरुकुल से रुवाब आलम, दिशोम गुरु शिबू सोरेन फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर संध्या कुमारी, आनंद प्रसाद कुशवाहा, प्रधानाचार्य रामजीवन महतो, झारखंड समाज विकास परिषद संस्था के प्रबंध निदेशक जीवलाल प्रजापति, दिवाकर कुमार, राजेंद्र कुमार राम, सुनील कुमार पासवान, रंजन कुमार, विनीता कुमारी, ललिता कुमारी, रेखा देवी, सुरभि कुमारी, सोनी कुमारी, संदीप कुमार एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सिंदरी इंटक कार्यालय में राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया गया



**सिंदरी /धनबाद**।दिनांक सिंदरी इंटक कार्यालय मे सिंदरी नगर अध्यक्ष राज बिहारी कि अध्यक्षता मे राहुल गांधी जी का जन्मदिवस सेवा और जनहित कार्यो के साथ मनाया गया ' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा केक काटकर बढ़ी धूम धाम सेअपने नेता श्री राहुल गाँधी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके विचारों और जनहितकारी कार्यों को याद किया।कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाया ' वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी जी लगातार युवाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के बरिष्ठ नेता बिदेशी सिंह, दिलीप मिश्रा, जिला महासचिव अजय कुमार सिंह, पुर्व अध्यक्ष राहुल राज जिला सचिव सुखदेव हांसदा पुरनेन्दु सिंह,सत्यदेव सिंह सुबोध पाण्डेय, मो. हकीम, नारद यादव,नकुल वर्मा सत्येंद्र सिंह, राकेश रंजन यादव, मुन्ना पाण्डेय, रितेश कुमार, संतोष कुमार अखिलेश यादव, ओमप्रकाश जी, जगदीश यादव जीतेन्द्र यादव अश्वनी मंडल बढ़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित हुए '

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर नगर क्षेत्रों में भ्रमण, 21 जून को छतरपुर में होगा भव्य आयोजन

**अरविंद अग्रवाल @ झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**





**छतरपुर।** पतंजलि योगपीठ के बैनर तले 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर साल 21 जून को दुनियाभर में इंटरनेशनल योगा डे मनाया जाता है. योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का एक प्रभावी तरीका है. आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बढ़ते तनाव के बीच योग का महत्व काफी बढ़ गया है, क्योंकि यह न सिर्फ स्ट्रेस को कम करता है, बल्कि शरीर को फिट और दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है.हर साल योग दिवस को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है, जो लोगों को जागरूक करने का काम करती है. इस योग दिवस को सफल बनाने के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत भवन कउवल,कृषि भवन रामगढ़, भारत माता चौक छतरपुर, हाई स्कूल छतरपुर, दुर्गा माता चौक रामगढ़, समेत पूरे नगर का ग्रामीण इलाका एवं मुख्य पथ का भ्रमण किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी नगर वासियों को आगामी योग दिवस में शामिल होने के लिए जागरूक किया गया। वहीं 21 जून 2026 (रविवार) को रामगढ़ कउवल पंचायत भवन, छतरपुर हाई स्कूल मैदान, किसान भवन रामगढ़ में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग शिविर संचालित होगा। पतंजलि परिवार छतरपुर द्वारा आयोजित इस योग शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं योग साधकों से समय पर पहुंचकर योगाभ्यास में भाग लेने की अपील की गई है। आयोजकों और साधकों का कहना है कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में योग शिक्षक एवं योग साधकों ने व्यापक चर्चा की तथा सफल आयोजन का संकल्प लिया। बैठक में विजय कुमार गुप्ता, महेश यादव, भोला यादव, रजनीश कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, नीरज कुमार, राजकिशोर प्रसाद, विश्वनाथ सिंह, अशोक प्रसाद, प्रदीप कुमार, शिवशंकर प्रसाद, योगेंद्र विश्वकर्मा, राजेश्वर राम, विनोद यादव, आलोक ठाकुर, रमजान अली, संदीप विश्वकर्मा, सुदर्शन प्रजापति, कमलेश यादव, हरिहर यादव सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि ₹करें योग, रहें निरोग₹ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस को सफल बनाने की अपील की है।

# दामोदर नदी में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत, छठ घाट पर हुआ हादसा



**सिंदरी /धनबाद।** दामोदर नदी एक बार फिर बन गई मौत का साया। गौशाला ओपी क्षेत्र के अंतर्गत छठ घाट पर शुक्रवार दोपहर नहाने गए 19 वर्षी युवक की डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर करीब 2:00 बजे गौशाला ओपी क्षेत्र के छठ घाट पर गहरे पानी में चले जाने से 19 वर्षीय युवक गोलू कुमार शर्मा डूब गया। सूचना मिलते ही गौशाला ओपी प्रभारी शंभू नाथ सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। लगभग 3:00 बजे गोताखोरों ने युवक को नदी से बाहर निकाला। तुरंत उसे चासनाला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक गोलू कुमार शर्मा ज्वेलरी मिस्त्री के पुत्र था और सुदामड़ीह थाना क्षेत्र के सुदामडीह कॉलोनी में रहते था। वह अपने भाई रिंकू शर्मा के ससुराल गौशाला बाजार में आए हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में शोक की लहर है। बताया जाता है कि बीते वर्ष राजू यादव नामक व्यक्ति की इसी घटनास्थल पर नहाने के क्रम में मृत्यु हो गई थी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**पाकुड़** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया।उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्री - मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को समर्पित करना होता है। इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए निर्वाचन विभाग के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को भेजने का निर्देश दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष/सदस्य एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# रन फॉर योग जागरूकता रैली का आयोजन, योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुष समिति, पाकुड़ के तत्वावधान में शुक्रवार को ह्यरन फॉर योगह्व थीम पर भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को ह्ययोग अपनाओ, स्वस्थ जीवन पाओह्व तथा ह्वकरे योग, रहे निरोगह्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नियमित योगाभ्यास के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।जागरूकता रैली में आयुष विभाग के चिकित्सकों, योग प्रशिक्षकों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान योग के महत्व से संबंधित संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया तथा लोगों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिपिन चंद्र गुप्ता ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने में सहायक है।उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 21 जून को कृषि उत्पादन बाजार समिति, पाकुड़ में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ सुजीत कुमार चौहान ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिले के विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों एवं आउटरीच स्थलों पर नियमित योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को योग के लाभों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ बिपिन चंद्र गुप्ता, डॉ सुजीत कुमार चौहान, डॉ कुलेश कुमार, डॉ अबू तालीब शेख, डॉ सौरभ विश्वास सहित योग प्रशिक्षक-प्रशिक्षिकाएं एवं आयुष विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# नाबालिग को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार, मुर्शिदाबाद से युवती बरामद



**पाकुड़**: पाकुड़ मुफस्सिल थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं पुलिस ने नाबालिग लड़की को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि पाकुड़ मुफस्सिल थाना कांड संख्या 78/26, दिनांक 13 जून 2026, के तहत बीएनएस की धारा 87 एवं 137(2) में दर्ज मामले के प्राथमिकी अभियुक्त सरजहान मोमिन (पिताझ्र समीम मोमिन), निवासी सुलीतल्ला, थाना पाकुड़ मुफस्सिल, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया है।थाना प्रभारी के अनुसार, मामला एक नाबालिग लड़की को शादी करने की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने से संबंधित है। पुलिस ने बीती रात पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में छापेमारी कर नाबालिग लड़की को बरामद किया तथा आरोपी सरजहान मोमिन को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# उपायुक्त ने की नीट परीक्षा 2026 के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक

**दो परीक्षा केंद्रों पर 548 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (NEET) परीक्षा 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डिस्ट्रिक्ट सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), पाकुड़ में 188 तथा पाकुड़ पॉलिटेक्निक में 360 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 548 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा का आयोजन अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा अपराह्न 1:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बैठक के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या कदाचार की संभावना को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, सतत निगरानी, प्रवेश द्वार पर सघन जांच एवं पहचान पत्र के अनिवार्य सत्यापन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी चिट-पुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा संचालन निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) के अनुरूप हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि रिपोर्टिंग समय, सुगम प्रवेश, परीक्षा अवधि के दौरान विधि- व्यवस्था बनाए रखने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को बिना किसी असुविधा के परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।बैठक में स्पष्ट किया गया कि परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड एवं वैध फोटो पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्टेशनरी सामग्री, आभूषण अथवा अन्य प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा केंद्र में ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। परीक्षा केंद्र परिसर में केवल परीक्षा संचालन से जुड़े पदाधिकारी, वीक्षक एवं अधिकृत कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। उन्होंने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचकर केंद्राधीक्षक के निदेशानुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़, अंचलाधिकारी पाकुड़, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## हनुमान शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं में उत्साह

**अरविंद अग्रवाल @ झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**



**छतरपुर,:** स्थित गोलक्ष्मी हनुमान शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति द्वारा नगर पंचायत छतरपुर एवं आसपास के सभी श्रद्धालु परिवारों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। आयोजन 19 जून 2026, शुक्रवार को संध्या भंडारे का आयोजन किया गया हजारों श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और विद्युत सज्जा से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हनुमान जी और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का शुभारंभ होगा। समिति ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि वे पधारकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं महाप्रसाद ग्रहण कर आयोजन की शोभा बढ़ाएं। छतरपुर व आसपास के क्षेत्र में इस भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। आपका आगमन आयोजकों के लिए सौभाग्य की बात होगी।

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की स्थिति, जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति, जल गुणवत्ता, पाइपलाइन विस्तार, खराब पड़े जल स्त्रोतों की मरम्मत तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने विभिन्न पेयजल आधारित योजनाओं के सिविल वर्क की भी समीक्षा की।उन्होंने एमवीएस के संवेदकों को इंटक वेल से लेकर ईएसआर तक के कार्यों में तेजी लाने की बात कही।कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं रहने को लेकर एनएस इंफ्रा से स्पष्टीकरण भी किया गया।उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि जलापूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वच्छता संबंधी गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी बल दिया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# पलामू में जन्मजात हृदय रोग की पहचान हेतु विशेष स्क्रीनिंग अभियान जारी

**नन्हा सा दिल अभियान : बच्चों के दिल की सुरक्षा, स्वस्थ भविष्य की ओर अहम पहल**



**पलामू :** जन्मजात हृदय रोग की समय पर पहचान एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ह्ननन्हा सा दिलह्व अभियान के तहत पलामू जिले में विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), रांची के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी (आईसीडीएस), शिक्षा विभाग तथा सीसीएल रांची (सीएसआर) के संयुक्त सहयोग से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम द्वारा जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच की जा रही है। स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध पाए जाने वाले बच्चों को आगे इकोकार्डियोग्राफी (ईको) जांच हेतु चिन्हित कर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जा रहा है। यह विशेष अभियान 14 जून से 24 जून 2026 तक छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार, 19 जून 2026 को प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक अरुण आवासीय विद्यालय, छतरपुर में विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 बच्चों की हृदय जांच की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम की सफलता में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री चुनमुन कुमार उर्फ अरविंद कुमार गुप्ता तथा डॉ. मिथिलेश कुमार का विशेष योगदान रहा। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जन्मजात हृदय रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में श्री सत्य साई संजीवनी संस्थान द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था अत्यंत सराहनीय, जनहितकारी और जीवनदायी पहल है। प्रखंड के सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों को शिविर में लाकर निःशुल्क हृदय जांच कराएं, ताकि समय रहते बीमारी की पहचान हो सके और उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## भीषण गर्मी में बिजली संकट! बलियापुर क्षेत्र वासियों की फरियाद, पूर्व विधायक की पुत्री ने सौंपा ज्ञापन



**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**बलियापुर /धनबाद।** बलियापुर क्षेत्र में लगातार बिजली की समस्या से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न मिलने से क्षेत्रवासी बेहाल है। शुक्रवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर निशि महतो के नेतृत्व में, जो झारखंड विधानसभा के पूर्व सदस्य इंद्रजीत महतो की पुत्री है, ने इस समस्या को लेकर सहायक विद्युत अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बलियापुर क्षेत्र में कई दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति और दिनभर में कई घंटे तक बिजली गुल रहने की परेशानी को बिजली विभाग को अवगत कराया गया है। ज्ञापन द्वारा जल्दी कार्रवाई करने की मांग की गई है। पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो का परिवार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा सक्रिय रहा है। अब देखना होगा कि विभाग इस ज्ञापन पर कितनी जल्दी कार्रवाई करता है। प्रतिनिधि मंडल में मंडल अध्यक्ष सुनील मोदक, प्रबीर मुखर्जी, विश्वामित्र महतो, मिंटू साव, मुक्तेश्वर महतो, मदन महतो एवं उमेश महतो के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं भूमि संबंधी मामलों, इलेक्ट्रिक साइकिल से संबंधित आवेदन शामिल रहे। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की नियमानुसार जांच कर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं तथा उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय- सीमा के भीतर गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक आवेदन पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबाग।:** उपायुक्त श्री हेमन्त सती के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याएँ उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं दाखिल-खारिज, जाति, आय, आवासीय एवं स्थानीय प्रमाण-पत्र निर्गमन एवं सुधार, पेंशन सहित अन्य राजस्व से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।उपायुक्त द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों पर संबंधित अधिकारियों को टेलीफोन के माध्यम से निर्देश दिया तथा कई के मौके पर ही समाधान किया। वहीं, जटिल एवं लंबित मामलों को नियम-संगत कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनता की समस्याओं के निराकरण के दिन के रूप आयोजन करने का निर्देश दिया है ताकि आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान हो सके।साथ ही पुलिस से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु प्रत्येक शनिवार को थाना दिवस मनाने का निर्देश दिया गया, जिससे आम जनता की पुलिस संबंधी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियों का उपायुक्त ने लिया जायजा, परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**21 जून को आयोजित होगी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**पाकुड़ :** आगामी 21 जून को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित होने वाली नीट- यूजी परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), पाकुड़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित परीक्षा संचालन से संबंधित सभी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षा के दिन सभी सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें तथा उनकी सतत निगरानी की जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, कदाचार अथवा अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन, सुरक्षा एवं सुगम संचालन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गांव-गांव पहुंच रहा नशामुक्ति का संदेश, जनजागरूकता अभियान के पांचवें दिन व्यापक सहभागिता



**हजारीबाग:** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध संचालित राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। अभियान के पांचवें दिन प्रचार रथों और सांस्कृतिक दलों ने जनसंपर्क एवं संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पांच जागरूकता प्रचार रथों ने सार्वजनिक स्थलों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं चौक-चौराहों पर पहुंचकर नशामुक्ति का संदेश प्रसारित किया। चौपारण, ईचाक, विष्णुगढ़, सदर एवं कटकमदाग प्रखंड के अनेक पंचायत क्षेत्रों में लोगों ने प्रचार रथों के माध्यम से प्रसारित ऑडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों को देखा और अभियान के प्रति रुचि दिखाई। इस दौरान आमजन के बीच नशामुक्ति संबंधी पंपलेटों का वितरण भी किया गया। अभियान के दूसरे प्रमुख घटक के रूप में 10 सांस्कृतिक दलों ने जिले के 20 चयनित स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। बाजारों, पंचायत क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में कलाकारों ने नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य की पीढ़ियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्हें नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके और एक स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में जनसहभागिता को सशक्त बनाया जा सके।

## गांव-गांव पहुंच रहा नशामुक्ति का संदेश, जनजागरूकता अभियान के पांचवें दिन व्यापक सहभागिता

**हजारीबाग :** गांव-गांव पहुंच रहा नशामुक्ति का संदेश, जनजागरूकता अभियान के पांचवें दिन व्यापक सहभागिता निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध संचालित राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। अभियान के पांचवें दिन प्रचार रथों और सांस्कृतिक दलों ने जनसंपर्क एवं संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पांच जागरूकता प्रचार रथों ने सार्वजनिक स्थलों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं चौक-चौराहों पर पहुंचकर नशामुक्ति का संदेश प्रसारित किया। चौपारण, ईचाक, विष्णुगढ़, सदर एवं कटकमदाग प्रखंड के अनेक पंचायत क्षेत्रों में लोगों ने प्रचार रथों के माध्यम से प्रसारित ऑडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों को देखा और अभियान के प्रति रुचि दिखाई। इस दौरान आमजन के बीच नशामुक्ति संबंधी पंपलेटों का वितरण भी किया गया। अभियान के दूसरे प्रमुख घटक के रूप में 10 सांस्कृतिक दलों ने जिले के 20 चयनित स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। बाजारों, पंचायत क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में कलाकारों ने नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य की पीढ़ियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्हें नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके और एक स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में जनसहभागिता को सशक्त बनाया जा सके।

# दलीय टूट-फूट के सवालों से मुठभेड़ जरूरी



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों के गठन की बुनियाद उनका राजनैतिक और सामाजिक विचार और सिद्धांत होता है। इसके बावजूद लगातार महंगी होती चुनाव प्रक्रिया ने विचारधारा की राजनीति को पीछे खिसका दिया है। विचारधारा की दुहाई तभी तक दी जाती है, जब तक उसकी राह में धन बल या बाहुबल नहीं आता, जब तक कि सत्ता उससे दूर रहती है। डॉक्टर लोहिया ने कहा तो था समाजवादियों से, लेकिन लगता है कि उनकी बात आज के विपक्षी दलों ने ज्यादा शिद्दत से मान ली है। लोहिया ने कहा था, सुधरो या टूट जाओ। लोहिया की इस अपील को उनके समाजवादी चेलों ने तो माना ही, अब गैर समाजवादी अनुयायी भी स्वीकार कर चुके हैं। चार मई को पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सबसे बड़ी टूट उस ममता की पार्टी में हुई, जिन्हें राजनीतिक मैदान का योद्धा माना जाता था। जो झुकना नहीं जानतीं। पहले उनके 80 में से 53 विधायक टूट गए और विधानसभा में उन्होंने अपना अलग गुट बना लिया। इसके बाद लोकसभा के उनके 29 में से बीस सांसद भी टूट गए। दिलचस्प यह है कि उन्होंने एक अनाम-सी पार्टी नेशनल सिटिजन्स पार्टी में अपना विलय कर लिया। ममता की राह पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के भी सांसद चल पड़े हैं और हो सकता है कि इन पंक्तियों के प्रकाशित होने तक उनके नौ में से छह लोकसभा सांसद पाला बदलकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना के धनुष पर तीर चढ़ा रहे होंगे। सुगबुगाहट तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम् के संसदीय दल में भी टूट-फूट की दिख रही है। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की अगुआई वाली समाजवादी पार्टी में भी टूट की भविष्यवाणी जता दी है।

भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई बात नहीं है। अतीत में भी दल-बदल होते रहे हैं। हरियाणा में तो तकरीबन पूरा विधायक दल ही दूसरे दल में समा गया था। उसी के बाद से दलबदल के लिए भारतीय राजनीति में ह्यआयाराम गयारामह्ल का मुहावरा ही चल पड़ा था। लेकिन पश्चिम बंगाल के चुनावों के बाद जिस तरह दल-बदल या दलों में टूटफूट हो रहा है, वह अप्रत्याशित है। इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों में भगदड़ पहले नहीं हुई थी। पहले किसी एक या दो दल में ऐसा होता था। ऐसा लग रहा है कि जैसे बीजेपी विरोधी दलों को दल-बदल या टूट-फूट वाली छूत की बीमारी लग गई है। इस प्रभावित दल इस टूट-फूट के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका आरोप है कि बीजेपी टूटने वाले नेताओं को मोटी रकम का लालच दे रही है। उनका यह भी आरोप है कि संवैधानिक सुधारों के लिए चूंकि बीजेपी को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है, इसलिए वह धन और बाहुबल का लालच देकर दलों को तोड़ रही है।



एक बारगी मान भी लें कि बीजेपी की शह पर ये टूट-फूट हो रही है तो एक प्रश्न जरूर उठता है कि आखिर राजनीतिक दलों ने कैसे नेताओं को अपना सांसद या विधायक बनाने के लिए चुना है? क्या उनके चयन में कोई गलती रही? सवाल यह भी उठता है कि जो टूट रहे हैं, क्या सांसद या विधायक बनाने को लेकर जब उनका चयन किया जा रहा था, तो उनकी कौन की खासियत देखी गई थी? क्या दल के प्रति न उनकी निष्ठा, उनके चरित्र आदि का ध्यान नहीं रखा गया। सवाल यह भी उठता है कि क्या बाहुबल या धन बल ही उनके चयन की बड़ी योग्यता मानी गई। इन सवालों का ईमानदारी से जवाब प्रभावित दल भले ही नहीं दे, लेकिन यह छुपी हुई बात नहीं है कि भारतीय राजनीति में संसद या विधानसभा में नुमाइंदगी के लिए दलीय निष्ठा की बजाय दूसरे कारकों का ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है। इसमें चुनाव जीतने की क्षमता, चुनाव में खर्च करने की सामर्थ्य और जरूरत बड़ने पर पार्टी के लिए धन और बाहुबल के साथ खड़ा होने की शक्ति भी देखी जाती है। कई बार तो सिर्फ पैसे के दम पर ही टिकट हासिल कर लिए जाते हैं। यही वजह है कि मौका मिलते ही ये नेता अपनी निष्ठा बदलने में देर नहीं लगाते।

निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों के गठन की बुनियाद उनका राजनैतिक और सामाजिक विचार और सिद्धांत होता है। इसके बावजूद लगातार महंगी होती चुनाव प्रक्रिया ने विचारधारा की राजनीति को पीछे खिसका दिया है। विचारधारा की दुहाई तभी तक दी जाती है, जब तक उसकी राह में धन बल या बाहुबल नहीं आता, जब तक कि सत्ता उससे दूर रहती है। अगर विचारधारा से विचलन के बाद सत्ता आती दिखती है तो राजनीतिक दल और नेता भी अपनी उस विचारधारा को कुछ वक्त के लिए ताक पर रख देते हैं। सिद्धांत और निष्ठाएं भी तब तक के लिए टाल दी जाती हैं। जब दलीय आधार पर ऐसा होता है तो निजी स्तर पर किसी सांसद और विधायक को आर्थिक या सत्ता में भागीदारी का मौका मिलेगा तो वह क्यों न टूटेगा। सवाल यह है कि जब दल और उसका अगुआ ही अपनी निष्ठा और विचारधारा को सत्ता के लिए किनारे रख देगा तो मौका मिलने पर उसका सांसद और विधायक ऐसा क्यों नहीं कर सकता। उद्धव ठाकरे के संसदीय दल में बिखराव की बड़ी वजह सत्ता के लिए पार्टी के सिद्धांतों से समझौता और कांग्रेस का साथ लेना रहा है। टूट रहे सांसदों को लेकर आरोप लगाने वाले दलों को भी सोचना होगा कि आखिर उन्होंने किस तरह के लोगों को चुना? सवाल यह है कि जब पैसे लेकर टिकट दिए जाएंगे, जब दल और विचारधारा की निष्ठा के बजाय चुनावी टिकट हासिल करने के अन्य कारण होंगे तो फिर इस प्रक्रिया से चुनकरआए सांसदों और विधायकों की खरीद-बिक्री पर सवाल कैसे उठाए जा सकते हैं? कैसे उन्हें दलीय निष्ठा के प्रति बांधे रखा जा सकता है।

दलीय टूट-फूट का अभी कोई बड़ा नुकसान भले ही नहीं दिख रहा हो, लेकिन आने वाले दिनों में इसका एक बड़ा हश्र लोक विश्वास के दरकने के रूप में दिख सकता है। आज का मतदाता बहुविध सूचनाओं के तमाम स्त्रोतों से लैस है। उसकी राजनीतिक समझ पहले के मीडिया क्रांति केदौर के पहले के मतदाताओं की तुलना में कहीं ज्यादा विकसित है। उसका सामान्य ज्ञान कमजोर भले ही हो सकता है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसमें आ रहे निष्ठागत बदलावों की पृष्ठभूमि को वह समझ रहा है। ऐसे में उसका भरोसा मौजूदा राजनीतिक तंत्र से चूक सकता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उसका भरोसा टूटना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। दल बदलने वाले अपने प्रतिनिधि के बारे में वह सवाल उठा सकता है कि उसने जिस सोच के साथ उसे वोट दिया, उसका प्रतिनिधि उस सोच के साथ गद्दारी कर रहा है। कई बार स्थानीय कारणों के साथ ही अपनी वैचारिक निष्ठा के चलते भी अपना मत देता है। हो सकता है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी दल विशेष को बड़ा समर्थन मिला हो, लेकिन उसी दल विशेष के किसी स्थानीय प्रतिनिधि को स्थानीय निष्ठाओं, जरूरतों और कारकों के साथ ही वैचारिक कारणों से मतदाताओं का समर्थन नहीं मिलता। मान लेते हैं कि राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किसी दल विशेष को भारी समर्थन मिला है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे माता के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। मातृदेवो भवः की वाणी से लेकर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को माता कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है



और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को कमजोर मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई। यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है।

# भ्रष्टाचार की कड़ियां

जब नियम-कायदों को ताक पर रख कर सत्ता और तंत्र की जिम्मेदारियों को दरकिनार करने की कोशिश की जाती है, तो उसके पीछे एक वजह भ्रष्ट तौर-तरीके से किसी को लाभ पहुंचाना होता है। मगर ऐसी कारगुजारियों का खमियाजा आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी से एक बार फिर यह बहस छिड़ गई है कि नौकरशाही में काम करते हुए कोई अधिकारी कैसे सत्ता का केंद्र बन जाता है और अपने कामकाज से लेकर अन्य मामलों में उसे मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। ऐसा शायद इसलिए होता है कि आमतौर पर ऐसे अधिकारियों को सत्ता का प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण प्राप्त होता है, जिसके चलते वे अपनी मंशा को बिना किसी हिचक के पूरी कर पाते हैं। विडंबना यह है कि जिन नेताओं को जनता इस उम्मीद से सत्ता में भेजती है कि वे अपने पद का उपयोग आम लोगों के हित और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर काबू पाने में करेंगे, वही भ्रष्टाचारियों का बचाव करने की कोशिश करते दिखने लगते हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार में उप सचिव सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कथित अवैध वसूली और जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। सवाल है कि इतने उच्च स्तर की किसी अधिकारी को अवैध वसूली या भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में मनमानी करने की छूट कैसे मिल जाती है। ऐसी सुविधा उसे कौन मुहैया कराता है! हालांकि इस मामले में जांच प्रक्रिया पूरी और आरोप साबित होने के बाद ही उनकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन फिलहाल उपसचिव की गिरफ्तारी के जो आधार बताए गए हैं, वे निश्चित रूप से भारत में पहले से मौजूद भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या की तहों में हर जगह मौजूद रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक जांच एजंसियां सक्रिय होकर जांच नहीं करतीं, तब तक ऐसे अपराध बेरोकटोक चलते रहते हैं। खासकर नौकरशाही में कुछ लोग राजनीतिक शह की वजह से बेरोकटोक भ्रष्टाचार से कमाई करते रहते हैं। छत्तीसगढ़ में ईडी की कानूनी कार्रवाई की जद में आई सौम्या चौरसिया के पद-कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्हें राज्य में न केवल सबसे ताकतवर अफसर माना जाता था, बल्कि आम धारणा थी कि वे मुख्यमंत्री की बहुत करीबी हैं। अफसोस की बात यह है कि कई मसलों पर सख्त मुख्यमंत्री माने जाने वाले भूपेश बघेल को वक्त पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना जरूरी नहीं लगा।

हालांकि ऐसा नहीं है कि नौकरशाही में ऊंचे पद पर मौजूद किसी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोपों का यह कोई पहला मामला हो। कुछ समय पहले झारखंड में भी खान सचिव पूजा सिंघल को राज्य के खूंटी जिले में उनके उपायुक्त रहते राष्ट्रीय रोजगार गारंटी से संबंधित काम यानी मनरेगा के तहत किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। भ्रष्टाचार के ऐसे मामले कड़ियों में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, जिसमें भ्रष्ट नौकरशाहों से लेकर नेताओं, जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों तक के तार जुड़े हो सकते हैं। मगर भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल फूंकने का दावा करने वाले अमूमन सभी राजनीतिक दल भी सत्ता में पहुंचने के बाद या तो उसमें शामिल हो जाते हैं या फिर उसे संरक्षण देने लगते हैं। इसी वजह से भारतीय राजनीति में सबसे मुख्य समस्या के रूप में चिह्नित किए जाने के बावजूद भ्रष्टाचार दीमक की तरह सब कुछ खाता रहता है।

# पूरे विश्व में भारतीय आर्थिक दर्शन को लागू करने का समय अब आ गया है


भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक थर्ड वे आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना (अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक ह्लथर्ड वेह्व आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है। भारतीय आर्थिक दर्शन में ह्लविपुलता के सिद्धांतह्व की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी।



# पटना समेत बिहार के इन तीन जिलों में नहीं बनेगा अटल कला भवन, विभाग ने बताई क्या है वजह

एजेंसी



**बिहार:** बिहार में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई जिलों में अटल कला भवन बनाए जा रहे हैं. हालांकि पटना, जहानाबाद और सुपौल में अब 620 सीटों वाले अटल कला भवन का निर्माण नहीं होगा. कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का कहना है कि इन जिलों में अतिरिक्त अटल कला भवन की आवश्यकता नहीं है. इसी कारण यहां नई परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया गया है.

### 20 जिलों में बन चुके हैं या निर्माण के अंतिम चरण में हैं भवन

विभाग के अनुसार राज्य के 20 जिलों में अटल कला भवन या अटल कला केंद्र का निर्माण पूरा हो चुका है या अंतिम चरण में है. पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और मुजफ्फरपुर में 2000 दर्शकों की क्षमता वाले अटल कला भवन बनाए जा रहे हैं. इनमें पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में भवन तैयार हो चुके हैं, जबकि मुजफ्फरपुर में निर्माण कार्य जारी है.

### इन जिलों में पूरा हो चुका है निर्माण

दरभंगा, सहरसा, मुंगेर, पूर्णिया, गया, सारण और बेगूसराय में 600 सीटों वाले अटल कला भवन बनकर तैयार हो चुके हैं. इन भवनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं.

### कई जिलों में तेजी से चल रहा है निर्माण कार्य

राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक लखीसराय और बांका में 630 सीटों वाले प्रेक्षागृह का निर्माण किया जा रहा है. वहीं शेखपुरा, अरवल, बक्सर, कैमूर, सिवान, अररिया, नवादा, शिवहर, नालंदा, औरंगाबाद और जमुई में 620 सीटों वाले अटल कला भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है.

### 9 जिलों में जमीन मिल चुकी, जल्द शुरू होगा काम

खगड़िया, कटिहार, किशनगंज, मधुबनी, भोजपुर, गोपालगंज, रोहतास, समस्तीपुर और मधेपुरा में अटल कला भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है. इन जिलों में प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.

### वैशाली, भागलपुर और सीतामढ़ी में जमीन की समस्या

वैशाली, भागलपुर और सीतामढ़ी में अभी तक अटल कला भवन के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है. जमीन नहीं मिलने के कारण इन जिलों में निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है. विभाग भूमि उपलब्ध होने का इंतजार कर रहा है.

### कलाकारों को मिलेगा आधुनिक मंच

अटल कला भवन बनने से जिलों में नाटक, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आधुनिक मंच उपलब्ध होगा. इसके अलावा स्थानीय कलाकारों को अपने ही जिले में अभ्यास और प्रदर्शन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. इससे क्षेत्रीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा.

# गया जी में मुहर्रम को लेकर पुलिस का सख्त निर्देश, ये लोग नहीं निकाल पाएंगे ताजिया जुलूस, 20 जून तक का अल्टीमेटम

एजेंसी

**गया जी:** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए गया जिले के रोशनगंज थाना प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है. ताजिया जुलूस निकालने वाले सभी लाइसेंसधारियों से कहा गया है कि वे 20 जून तक अपना आवेदन फॉर्म थाना में अनिवार्य रूप से जमा कर दें. निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**क्या है पुलिस का नया निर्देश?**
रोशनगंज पुलिस द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि थाना क्षेत्र के ऐसे सभी लाइसेंसधारी, जिन्होंने अब तक ताजिया जुलूस लाइसेंस के लिए आवेदन फॉर्म जमा नहीं किया है, वे 20 जून तक थाना पहुंचकर आवेदन जमा करें. प्रशासन ने इसे अनिवार्य बताया है.



**20 जून के बाद क्या होगा?**
पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा. ऐसे में आवेदन जमा नहीं करने वाले लोगों को ताजिया जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी.

**बिना लाइसेंस नहीं मिलेगी अनुमति**
रोशनगंज थानाध्यक्ष अनु राजा ने कहा है कि बिना वैध लाइसेंस के किसी भी ताजिया जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी. सभी आयोजकों को नियमों का पालन करना होगा.

**प्रशासन ने लोगों से क्या अपील की है?**
पुलिस ने संबंधित लाइसेंसधारियों और आयोजकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें. इससे मुहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सुविधा होगी.

**मुहर्रम को लेकर क्यों बढ़ी सतर्कता?**
मुहर्रम के दौरान बड़ी संख्या में ताजिया जुलूस निकाले जाते हैं. ऐसे में प्रशासन पहले से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करना चाहता है ताकि पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके. 20 जून के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. इसके बाद प्रशासन लाइसेंस जारी करने और जुलूस मार्गों की निगरानी समेत अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देगा.

# सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार को 286 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

एजेंसी



**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पद संभालने के बाद से लगातार बिहार को विकास योजनाओं की सौगात दे रहे है. इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस दौरान राज्यभर में 286 करोड़ रुपये से अधिक की 157 योजनाओं को जनता को समर्पित किया.मुख्यमंत्री ने 238.75 करोड़ रुपये की लागत से 114 योजनाओं का उद्घाटन किया. वहीं 47.48 करोड़ रुपये की 43 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया. इनमें पटना स्मार्ट सिटी और पटना नगर निगम की कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शामिल हैं.पटना नगर निगम क्षेत्र में 3.03 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, वहीं 17.17 करोड़ रुपये की नई योजनाओं का शिलान्यास हुआ. इसके अलावा पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 9 परियोजनाओं में 6 का उद्घाटन और तीन का शिलान्यास किया गया. इन परियोजनाओं पर कुल 93.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं.वहीं, मीठापुर में 10.68 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जी प्लस थ्री कॉमन सर्विस सेंटर का भी लोकार्पण किया गया. इस भवन में बैंक, पार्लर, ओपन एयर कैफे समेत विभिन्न नागरिक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी.मीठापुर में छात्रों और स्थानीय लोगों की जरूरतों को देखते हुए इसका निर्माण किया गया है. सबसे बड़ी बात यह है कि भविष्य में यह क्षेत्र मेट्रो नेटवर्क से भी जुड़ जाएगा, जिससे लोगों की आवाजाही आसान होगी.मुख्यमंत्री ने दीघा से सभ्यता द्वार तक विकसित रिवर फ्रंट परियोजना का उद्घाटन किया. जेपी गंगा पथ पर 32.14 करोड़ रुपये की लागत से बने रिवर फ्रंट को जनता के लिए खोला गया. इसके साथ ही जुहू चौपाटी की तर्ज पर तैयार 550 मीटर लंबे जिग-जैग पार्क का भी उद्घाटन किया गया. यह पार्क कुर्जी मोड़ से एलसीटी घाट तक विकसित किया गया है.

### डिलीवरी बॉय और ऑटो चालकों के लिए अउ लाउंज

डिलीवरी बॉय, कूरियर कर्मी, ऑटो और बाइक राइडर्स जैसे गिग वर्कर्स के लिए पटना में दो आधुनिक AC लाउंज की शुरूआत भी की गई. इन लाउंज में मुफ्त में आराम कर सकेंगे. ये लाउंज गांधी मैदान गेट नंबर-4 और इनकम टैक्स गोलंबर के पास बनाए गए हैं. इसके साथ-साथ लोगों को फोन चार्ज, ठंडा पानी की सुविधाएं मिलेंगी.पटना में पार्किंग की बढ़ती समस्या को देखते हुए प्री-फैब्रिकेटेड टू-व्हीलर रोटरी पार्किंग सिस्टम का शिलान्यास भी किया गया. करीब 4.65 करोड़ की लागत से इस स्वचालित पार्किंग का निर्माण होगा. यह बिहार की पहली स्वचालित पार्किंग होगी. यह पार्किंग सटल डॉली सिस्टम और हाइड्रोलिक तकनीक से संचालित होगी.मुख्यमंत्री ने 7.17 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 50 नई आधुनिक दुकानों और 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानों का भी शिलान्यास किया. इन दुकानों में बिजली, एलईडी लाइटिंग, ड्रेनेज, प्लंबिंग और ऊर्जा बचत से जुड़ी सुविधाएं होंगी.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार के यूनिवर्सिटीज में हर साल इस महीने होगा शिक्षकों का ट्रांसफर, नई गाइडलाइन




**बिहार:** बिहार के यूनिवर्सिटीज और अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों के तबादले को लेकर राज्यपाल सचिवालय ने नयी गाइडलाइन जारी की है. इसके तहत अब शिक्षकों का तबादला साल में केवल एक बार किया जाएगा. यह प्रक्रिया जून महीने में ही पूरी की जाएगी.नए गाइडलाइन के मुताबिक इसका उद्देश्य एकेडमिक सेशन के दौरान पढ़ाई, परीक्षा और प्रशासनिक कार्यों में होने वाले व्यवधान को रोकना है. नयी गाइडलाइन के अनुसार शिक्षकों का तबादला केवल जून महीने में किया जाएगा, ताकि गर्मी की छुट्टी के दौरान प्रक्रिया पूरी हो सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो.राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी कुलपतियों को भेजे गये निर्देश में कहा गया है कि एकेडमिक सेशन के बीच लगातार तबादलों से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है. प्रशासनिक असुविधा बढ़ती है. अनावश्यक विवाद और मुकदमेबाजी की स्थिति उत्पन्न होती है. इसे देखते हुए तबादला प्रक्रिया में पारदर्शिता, एकरूपता और शैक्षणिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए नयी व्यवस्था लागू की जा रही है.निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि तबादले का आधार संस्थान की आवश्यकता, स्वीकृत पदों की उपलब्धता, विषयवार शिक्षकों का वितरण, आरक्षण रोस्टर, छात्र संख्या और शैक्षणिक जरूरतें होंगी. यूनिवर्सिटीज को यह सुनिश्चित करना होगा कि तबादला प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यक्तिगत पक्षपात या अन्य बाहरी प्रभावों से मुक्त रहे.राज्यपाल सचिवालय ने यह भी कहा है कि जून महीने के बाहर केवल अत्यंत विशेष, अपरिहार्य, आपातकालीन या मानवीय परिस्थितियों में ही तबादले पर विचार किया जाएगा. ऐसे मामलों में कुलाधिपति सचिवालय की पहले अनुमति आवश्यक होगी.जानकारी के मुताबिक, शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए संचालित सहयोग पोर्टल पर सबसे अधिक शिकायतें शिक्षकों की प्रोन्नति (प्रमोशन), तबादला (ट्रांसफर) और छात्रों की छात्रवृत्ति से जुड़ी प्राप्त हुई हैं. विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक 435 शिक्षकों ने प्रमोशन से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई हैं, जबकि 100 से अधिक शिकायतें छात्रवृत्ति से संबंधित प्राप्त हुई हैं.इसके अलावा विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक मामलों से जुड़ी शिकायतें भी पोर्टल पर दर्ज की गई हैं. शिक्षकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों में प्रमोशन में देरी, स्थानांतरण से जुड़ी समस्याएं और सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शामिल हैं. कई शिक्षकों ने अपनी शिकायतों में विभागीय प्रक्रिया को लेकर असंतोष व्यक्त किया था और समाधान की मांग की थी. इन सभी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है.जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रमोशन और तबादले से संबंधित प्राप्त शिकायतों की जांच के दौरान पाया गया कि अधिकतर मामलों में विभागीय नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा चुकी थी. इसी आधार पर प्रमोशन से संबंधित शिकायतों को कैंसिल कर दिया गया.

### जब मुजफ्फरपुर में हुए बम हमले ने उड़ा दी थी अंग्रेजों की नींद, इतिहास में अमर हुआ शहर



**मुजफ्फरपुरः** 30 अप्रैल 1908.. रात के करीब साढ़े आठ बजे.. मुजफ्फरपुर की सड़कें सामान्य थीं. यूरोपियन क्लब के बाहर रोज की तरह आवाजाही थी. किसी को अंदाजा नहीं था कि अगले कुछ मिनटों में एक ऐसा धमाका होने वाला है, जिसकी गूंज पूरे ब्रिटिश साम्राज्य तक पहुंचेगी. बग्घी पर हुए बम हमले ने न सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी, बल्कि मुजफ्फरपुर को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में हमेशा के लिए अमर कर दिया. बताया जाता है कि विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज करीब तीन मील दूर तक सुनाई दी. 30 अप्रैल 1908 की रात यूरोपियन क्लब से निकली एक बग्घी को दोनों क्रांतिकारियों ने किंग्सफोर्ड की गाड़ी समझ लिया. जैसे ही बग्घी क्लब से कुछ दूरी पर पहुंची, उस पर बम फेंक दिया गया. विस्फोट इतना भीषण था कि पूरा इलाका दहल उठा. लेकिन यह एक दुखद भूल साबित हुई. जिस बग्घी को किंग्सफोर्ड की समझा गया था, उसमें वकील की पत्नी और बेटी सवार थीं, जिनकी इस विस्फोट में मौत हो गई. किंग्सफोर्ड बच निकला, लेकिन अंग्रेजी प्रशासन पूरी तरह हिल गया.घटना के बाद खुदीराम बोस एवं प्रफुल्लचंद चाकी दोनों पुलिस से बचते हुए रेलवे लाइन पकड़कर चलने लगे. रातभर चलने के बाद सुबह दोनों पूसा रोड स्टेशन पहुंचे. वहीं प्रफुल्लचंद चाकी पुलिस से घिर गए. गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने समस्तीपुर के पूसा रोड स्टेशन के पास खुद को गोली मार ली. वहीं खुदीराम बोस को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया. मात्र 18 वर्ष की उम्र में 11 अगस्त 1908 को उन्हें फांसी दे दी गई. फांसी के फंदे पर भी उनके चेहरे पर मुस्कान थी, जिसने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमर शहीद बना दिया.खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी का बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि वह चिंगारी था जिसने पूरे देश में आजादी की लौ प्रज्वलित कर दी. महज 18 वर्ष की उम्र में खुदीराम बोस ने जिस साहस, त्याग और देशभक्ति का परिचय दिया, उसने पूरे देश के युवाओं को आजादी की लड़ाई में उतरने की प्रेरणा दी. वहीं प्रफुल्ल चाकी ने गिरफ्तारी स्वीकार करने के बजाय अपने प्राण न्योछावर कर दिए. एक ने हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया, तो दूसरे ने मातृभूमि के सम्मान के लिए खुद को गोली मार ली. दोनों क्रांतिकारियों का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सबसे प्रेरणादायक गाथाओं में शामिल हो गया. किंग्सफोर्ड भले ही बच गया, लेकिन मुजफ्फरपुर बमकांड ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और नई ऊर्जा दी. खुदीराम बोस युवाओं के लिए साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक बन गए. आज भी 30 अप्रैल 1908 की वह रात मुजफ्फरपुर के इतिहास का सबसे गौरवशाली और चर्चित अध्याय मानी जाती है. मुजफ्फरपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि आजादी की उस क्रांतिकारी चेतना का प्रतीक बनकर सामने आता है, जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव तक हिला दी थी.

# बिहार में बड़ी कार्रवाई, आर्केस्ट्रा से 23 नाबालिग लड़कियां रेस्क्यू, हिरासत में तीन संचालक

एजेंसी



**मोतिहारीः** बिहार के मोतिहारी में बड़ा एक्शन देखने को मिला है. छौड़ादानो थाना क्षेत्र में पुलिस और बाल संरक्षण इकाई ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आर्केस्ट्रा से 23 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया है. इस मामले में तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लिया गया है.

**आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियांः** बाल संरक्षण इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में चल रहे आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराया जा रहा है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की योजना बनाई.

**जबरन डांस कराने का मामलाः** बाल संरक्षण इकाई अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि टीम ने गुरुवार देर रात छौड़ादानो थाना क्षेत्र के अलग-अलग आर्केस्ट्रा ठिकानों पर एक साथ दबिश दी. छापेमारी के दौरान 23 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया. वहीं तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को भी हिरासत में लिया गया है. सभी लड़कियों की उम्र 18 साल से कम बताई जा रही है. पूछताछ में पता चला कि इनसे जबरन आर्केस्ट्रा में डांस कराया जा रहा था.

**मानव तस्करी के एंगल से जांचः** हिरासत में लिये गये तीनों आर्केस्ट्रा संचालकों से पुलिस पूछताछ कर रही है. आशंका है कि ये लड़कियां दूसरे राज्यों से लाई गई थीं. पुलिस मानव तस्करी के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है. रेस्क्यू की गई लड़कियों को फिलहाल सुरक्षित स्थान पर रखा गया है.

**मानव तस्करी की धाराओं में केस दर्जः** बाल संरक्षण इकाई के अनुसार रेस्क्यू की गई सभी लड़कियों की काउंसलिंग कराई जाएगी. इसके बाद उनके परिजनों से संपर्क कर घर वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. अगर परिजन नहीं मिलते हैं तो बच्चियों को बालिका गृह में रखा जाएगा. दोषी संचालकों के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और मानव तस्करी की धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा.

**आर्केस्ट्रा के नाम पर अश्लील डांसः** छौड़ादानो थाना क्षेत्र में लंबे समय से आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराने की शिकायतें मिल रही थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में आर्केस्ट्रा के नाम पर अश्लील डांस कराए जाते हैं और नाबालिग लड़कियों का शोषण होता है. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. मोतिहारी पुलिस और बाल संरक्षण इकाई की इस संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है.

# बिहार के पीडीएस डीलरों के लिए करोड़ों रुपया हुआ जारी, जानिए कब मिलेगा रुका हुआ कमीशन

एजेंसी



**बिहारः** बिहार के जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं को लंबित अतिरिक्त डीलर कमीशन के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है. बिहार स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन (एसएफसी) ने दिसंबर 2025 से संबंधित अतिरिक्त डीलर कमीशन (राज्य योजना मद) के भुगतान के लिए 35 जिलों को कुल 18 करोड़ 30 लाख 38 हजार 984 रुपये की राशि आवंटित कर दी है. इसके लिए सभी जिला प्रबंधकों को भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.एसएफसी मुख्यालय के महाप्रबंधक (वित्त एवं आंतरिक वित्तीय सलाहकार) द्वारा 16 जून को जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को देय अतिरिक्त डीलर कमीशन के भुगतान के लिए एसएनए स्पर्श (टॉप-अप) के माध्यम से जिलावार वर्चुअल आवंटन उपलब्ध कराया गया है.

### किस-किस जिला का नाम नहीं

पत्र के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 से संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को 47 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अतिरिक्त डीलर कमीशन का भुगतान किया जाना है. इसके लिए 35 राजस्व जिलों को राशि उपलब्ध करा दी गयी है. इस आवंटन में सीवान, सुपौल और वैशाली जिले शामिल नहीं हैं.

### क्या निर्देश दिया गया

राज्य खाद्य निगम ने सभी जिला प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि उपलब्ध करायी गयी राशि से दिसंबर 2025 से संबंधित अतिरिक्त डीलर कमीशन का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें, ताकि उचित मूल्य दुकान संचालकों को लंबित राशि मिल सके. इस निर्णय से राज्य के हजारों जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राहत मिलने की उम्मीद है, जो लंबे समय से अतिरिक्त कमीशन के भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे थे.

# सीवान के इस वार्ड में वर्षों से नहीं पहुंचा एक भी बूंद पानी, दूषित जल पीने को मजबूर लोग

एजेंसी



**सीवानः** सीवान में नल-जल योजना के जरिए हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन नौतन प्रखंड के वार्ड नंबर 10 के लोगों के लिए यह योजना अब तक सिर्फ कागजों और पानी टंकी तक सीमित है. लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद वर्षों बाद भी एक बूंद पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच सका है. भीषण गर्मी में लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं और जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं.

### क्या है पूरा मामला

वार्ड नंबर 10 के निवासियों का आरोप है कि नल-जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी. वर्षों बीत जाने के बाद भी लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला है. हालत यह है कि लोग केवल टंकी को देखकर संतोष करने को मजबूर हैं.

### प्रखंड मुख्यालय का वार्ड होने के बावजूद नहीं मिली सुविधा

सबसे हैरानी की बात यह है कि जिस वार्ड में प्रखंड और अंचल कार्यालय स्थित हैं. वहीं के लोगों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. इसी वार्ड के अंतर्गत उच्च विद्यालय, इंटर कॉलेज, बाल विकास परियोजना कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नौतन बाजार जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी आते हैं. इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है.

### भीषण गर्मी में दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जल संकट और गंभीर हो जाता है. स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण कई परिवारों को दूषित जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है. इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं.

### कई बार उठी आवाज, फिर भी नहीं निकला समाधान

ग्रामीणों और वार्डवासियों का कहना है कि वे कई बार इस समस्या को लेकर अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं. जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है. वहीं पीएचईडी विभाग के जूनियर इंजीनियर अखिलेश कुमार ने दावा किया है कि सोमवार से कार्य शुरू करा दिया जाएगा. हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें पहले भी कई बार इसी तरह का आश्वासन दिया जा चुका है.

### क्या इस बार पूरा होगा इंतजार?

वार्ड नंबर 10 के लोगों की निगाहें अब एक बार फिर विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं. लोगों का कहना है कि यदि इस बार भी काम शुरू नहीं हुआ तो उनका भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा. भीषण गर्मी के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वर्षों से बंद पड़ी नल-जल योजना आखिरकार धरातल पर उतर पाएगी.

### विभाग ने दिया आश्वासन

पीएचईडी विभाग ने सोमवार से काम शुरू करने का आश्वासन दिया है. यदि विभाग अपने दावे पर अमल करता है तो वार्ड नंबर 10 के हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकती है.

# पिकअप पर सब्जी लाद कर गोपालगंज आ रहा था यूपी का ड्राइवर, अपराधियों ने गर्दन में मारी गोली

एजेंसी

**गोपालगंजः** जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बेखौफ बदमाशों ने पिकअप चालक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश गाड़ी में रखे करीब एक लाख रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए. मामला विजयीपुर थाना क्षेत्र केके पगरा रोड स्थित खानुआ मोड़ के पास का है.

**यूपी के ड्राइवर को मारी गोलीः** जख्मी पिकअप चालक की पहचान यूपी के देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के खंडेछापर गांव निवासी कमरूदीन शेख का बेटा सैमुल्लाह शेख के रूप में की गई है. दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि जख्मी पिकअप चालक अपने पिकअप पर सब्जी लाद कर गोपालगंज आ रहा था.

**1 लाख की लूटः** इसी बीच अज्ञात बदमाश विजयीपुर थाना क्षेत्र के पगरा रोड स्थित खानुआ



मोड़ के पास देर रात करीब 12 बजे गाड़ी को रुकवाकर उससे लूटपाट करने लगे, जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी गर्दन में गोली मार दी. साथ ही एक लाख रुपये लेकर फरार हो गए.

**अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापाः** घटना की सूचना मिलते ही हथुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद मोहन गुप्ता और विजयीपुर थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की छानबीन में जुट गई है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा.

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स 1 जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की कीमत 2.5% बढ़ाएगी




**नई दिल्ली**। टाटा मोटर्स कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए एक जुलाई से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। यह मूल्य वृद्धि उसके सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी बढ़ोतरी की मात्रा अलग-अलग हो सकती है।

### वारी रिन्यूएबल ने खरीदी एपीएसपीएल में हिस्सेदारी




**नई दिल्ली**। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज ने एसोसिएटेड पावर स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1,225 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि यह अधिग्रहण प्राथमिक (प्राइमरी) और द्वितीयक (सेकेंडरी) दोनों माध्यमों से शेयरों के आवंटन एवं हस्तांतरण के जरिये किया गया है।

### मोतीलाल ओसवाल करेगी जेबीएम इकोलाइफ में निवेश




**नई दिल्ली**। जेबीएम ऑटो लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी समूह कंपनी जेबीएम इकोलाइफ मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने मोतीलाल ओसवाल समूह की वैकल्पिक निवेश इकाई मोतीलाल ओसवाल अल्टरनेट्स (एमओ अल्टरनेट्स) से 750 करोड़ रुपये का दीर्घकालिक रणनीतिक निवेश हासिल किया है।

### रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 94.36 प्रति डॉलर पर



**मुंबई**। रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे की बढ़त के साथ 94.36 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के मद्देनजर घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका-ईरान शांति समझौते के तहत विभिन्न मुद्दों पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी निवेशकों की धारणा को बल दिया।

### बाटा इंडिया ने राव को कंपनी का एमडी नियुक्त किया




**नई दिल्ली**। जूते-चप्पल बनाने वाली प्रमुख कंपनी बाटा इंडिया लिमिटेड ने संजय राव को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। बाटा इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि राव अब गुंजन शाह की जगह लेंगे।

### एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन मिस्त्री का कार्यकाल बढ़ा




**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एचडीएफसी बैंक के अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन के रूप में केकी मिस्त्री के कार्यकाल को तीन महीने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अब उनका कार्यकाल 18 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'आरबीआई ने बैंक के आवेदन पर 18 जून, 2026 को प्राप्त संचार के माध्यम से यह मंजूरी दी है।

# खरबपति बनने के बाद मस्क को पहला झटका, 24 घंटे में ही 53,298 करोड़ स्वाहा

## कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में आईपीओ के बाद पहली बार गिरावट दर्ज

नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में रिकॉर्ड आईपीओ के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को शेयर करीब 5 प्रतिशत टूट गए, जिससे लगातार तीन दिनों से जारी लगभग 50 प्रतिशत की तेजी पर विराम लग गया। इससे एलन मस्क को एक ही दिन में 56.4 अरब डॉलर यानी 53,298 करोड़ रुपए का झटका लगा। मस्क के नेटवर्थ में आई यह गिरावट भारत के कई अरबपतियों के जीवनभर की कमाई के बराबर है। हालांकि, एलन मस्क के पास अभी भी 1.26 खरब डॉलर की संपत्ति है। इस साल मस्क का नेटवर्थ 640 अरब डॉलर उछला है।

- एक ही दिन में मस्क के नेटवर्थ में आई 56.4 अरब डॉलर की गिरावट

### एसएंडपी 500 में 1.2 प्रतिशत की गिरावट

नास्डेक 100 में 1 प्रतिशत की कमजोरी के अलावा बांड यील्ड और डॉलर दोनों मजबूत हुए। इसका असर स्पेसएक्स जैसे हाई-वैल्यूएशन टेक शेयरों पर भी पड़ा। स्पेसएक्स के कुल शेयरों में से केवल करीब 4.2 प्रतिशत शेयर ही बाजार में ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हैं। कम फ्री-फ्लोट के कारण शेयर में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में जब लॉक-इन अवधि खत्म होगी और अंदरूनी निवेशक शेयर बेच सकेंगे, तब शेयर पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है।



### दुनिया की छठी मूल्यवान कंपनी बन गई

ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक नैस्डैक पर कारोबार के दौरान स्पेसएक्स के शेयर पहले 6 प्रतिशत तक चढ़े थे, लेकिन बाद में बिकवाली हावी हो गई और स्टॉक लाल निशान में बंद हुआ। गिरावट के बावजूद स्पेसएक्स का मार्केट कैप करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बना हुआ है। हालांकि कंपनी वैल्यूएशन के मामले में फिर से अमेजान से नीचे खिसक गई और दुनिया की छठी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। इसके बावजूद शेयर अभी भी अपने 135 डॉलर के आईपीओ मूल्य से 42 प्रतिशत से अधिक ऊपर कारोबार कर रहे हैं।

### आखिर क्यों आई गिरावट?

यह गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली और दबाव की वजह से आई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें तो स्थिर रखीं, लेकिन इस साल के अंत तक संभावित रेट हाइक के संकेत दिए। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में बिकवाली बढ़ गई।

*रिटेल निवेशकों की पहली पसंद बना स्पेसएक्स : आईपीओ के बाद से स्पेसएक्स अमेरिकी रिटेल निवेशकों का सबसे पसंदीदा शेयर बन गया है। डेटा के मुताबिक, आईपीओ के बाद हर दिन स्पेसएक्स में खुदरा निवेशकों की खरीदारी एनवीडिया, अल्फाबेट, अमेजान, मेटा और प्रमुख ईटीएफ फंडों की संयुक्त खरीदारी के बराबर रही। दिलचस्प बात यह है कि इसी अवधि में मस्क की दूसरी कंपनी टेस्ला में लगभग 6.1 करोड़ डॉलर की शुद्ध बिकवाली हुई।*

## स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक स्विस नेशनल बैंक ने जारी किए आंकड़े

# स्विस बैंकों में जमा भारतीय धन 2025 में आठ प्रतिशत गिरकर 36,793 करोड़

नई दिल्ली/ ज्यूरिख

स्विस बैंकों में जमा भारतीय धन वर्ष 2025 में आठ प्रतिशत से अधिक घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 36,793 करोड़ रुपये) रह गया। यह गिरावट स्थानीय शाखाओं और अन्य बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी गई राशि में कमी के कारण हुई।

स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इन आंकड़ों के मुताबिक, कुल जमा राशि में गिरावट आने के बावजूद व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के खातों में जमा धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (करीब 6,000 करोड़ रुपये) हो गया।

### जमाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 16 प्रतिशत रही

हालांकि, कुल राशि में इन जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 16 प्रतिशत ही रही। कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा 'बैंकों को देय राशि' के रूप में रहा, जो अन्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के जरिये रखी गई थी। यह राशि पिछले साल करीब 15 प्रतिशत घटकर 2.6 अरब स्विस फ्रैंक रही।

### सन 2018 से भारत के साथ सूचना का आदान-प्रदान

अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) के 'लोकेशनल बैंकिंग स्टैटिस्टिक्स' के मुताबिक, स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों के जमा धन में 2025 के दौरान 20 प्रतिशत बढ़कर 8.97 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 780 करोड़ रुपये) हो गया। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच 2018 से कर मामलों में स्वतः सूचना आदान-प्रदान व्यवस्था लागू है, जिसके तहत स्विस वित्तीय संस्थानों में खाताधारकों से जुड़ी विस्तृत जानकारी हर साल भारतीय कर अधिकारियों के साथ साझा की जाती है।

### 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक ग्राहक जमा

एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 के अंत में मौजूद कुल 325.05 करोड़ स्विस फ्रैंक की देनदारियों में से 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक ग्राहक जमा, 2.6 अरब स्विस फ्रैंक अन्य बैंकों के जरिये, 1.86 करोड़ स्विस फ्रैंक विश्वस्त संस्था या ट्रस्ट के जरिये और 10.57 करोड़ स्विस फ्रैंक बॉन्ड एवं प्रतिभूतियों जैसे अन्य वित्तीय साधनों के रूप में थे।\




- कुल जमा राशि में गिरावट के बावजूद व्यक्तिगत खातों में धन बढ़ा
- व्यक्तिगत और संस्थागत खातों में धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा
- कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा 'बैंकों को देय राशि' के रूप में रहा

*तीसरे देशों के नाम पर रखे गए धन को शामिल नहीं किया जाता*

*एसएनबी ने स्पष्ट किया कि ये आंकड़े बैंकों द्वारा रिपोर्ट की गई कुल देनदारियों को दर्शाते हैं और इन्हें स्विस बैंकों में कथित काले धन का प्रत्यक्ष संकेतक नहीं माना जा सकता। साथ ही, इनमें तीसरे देशों की इकाइयों के नाम पर रखे गए धन को शामिल नहीं किया जाता।*

### धन जमा के मामले में ब्रिटेन पहले स्थान पर

वैश्विक स्तर पर स्विस बैंकों में विदेशी ग्राहकों की कुल जमा राशि 2025 में करीब आठ प्रतिशत घटकर 1.05 लाख करोड़ स्विस फ्रैंक रही। देशवार आंकड़ों में स्विस बैंकों में मौजूद विदेशी ग्राहकों के धन के मामले में ब्रिटेन 192 अरब स्विस फ्रैंक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि अमेरिका (75 अरब स्विस फ्रैंक) और फ्रांस (63 अरब स्विस फ्रैंक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि, भारत वर्ष 2024 के 48वें स्थान से सुधरकर 2025 में 46वें स्थान पर पहुंच गया।

### पाकिस्तान रैंकिंग में 108वें स्थान पर

पाकिस्तान की जमा राशि 27.2 करोड़ स्विस फ्रैंक से घटकर 25.7 करोड़ स्विस फ्रैंक रह गई, जबकि बांग्लादेश की जमा राशि 43 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी के साथ 84.2 करोड़ स्विस फ्रैंक पहुंच गई। रैंकिंग में बांग्लादेश 81वें स्थान पर रहा जबकि पाकिस्तान 108वें स्थान पर है।

# तीन करोड़ नए राशन कार्ड जारी होने की संभावना: केंद्र




- पीडीएस से 2.21 करोड़ अपात्र लाभार्थी हटाए गए
- मृत व्यक्ति, आयकरदाता, चार पहिया मालिक को अपात्र माना गया

नई दिल्ली



केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से 2.21 करोड़ अपात्र लाभार्थियों को हटाए जाने के बाद अब पात्र लोगों के लिए लगभग तीन करोड़ नए राशन कार्ड जारी किए जाने की गुंजाइश है।

जोशी ने यहां स्मार्ट भंडारगृह प्रणाली के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हटाने की प्रक्रिया राज्य सरकारों द्वारा उनके अपने मानदंडों के आधार पर की गई है, केंद्र सरकार ने कोई राशन कार्ड नहीं हटाया है। खाद्य मंत्रालय ने मृत व्यक्तियों, आयकरदाताओं और चार पहिया वाहन मालिकों सहित 8.51 करोड़ अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर सूची राज्यों को कार्रवाई के लिए भेजी थी। जोशी ने कहा, /"8.51 करोड़ में से राज्यों ने 2.21 करोड़ राशन कार्ड वापस लिए हैं। हमने कोई कार्ड नहीं हटाया है।/"

### पीडीएस के डिजिटलीकरण के कारण संभव हो पाई

जोशी ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पीडीएस के डिजिटलीकरण के कारण संभव हो पाई है। उन्होंने बताया कि राज्यों को पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की अनुमति दी गई है और विभिन्न राज्य सरकारें मिलकर लगभग तीन करोड़ और राशन कार्ड जारी कर सकती हैं।

# पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क छूट बढ़ा सकती है सरकार



- छूट 30 जून के बाद भी बढ़ाने का निर्णय ले सकती है सरकार

नई दिल्ली

सरकार, पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति और उससे जुड़े राजस्व प्रभावों का आकलन करने के बाद करीब 40 उत्पादों पर आयात शुल्क में दी गई छूट को 30 जून के बाद भी बढ़ाने का निर्णय ले सकती है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

घरेलू उद्योग को आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से बचाने के लिए सरकार ने दो अप्रैल से '' अस्थायी एवं लक्षित राहत'' के तहत महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर सीमा शुल्क से छूट दी थी। इसके तहत निर्जल अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, विनाइल क्लोराइड मोनोमर समेत करीब 40 उत्पादों पर सीमा शुल्क 'शून्य' कर दिया गया था। यह छूट 30 जून तक के लिए मान्य है। इसका उद्देश्य प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, औषधि, रसायन, वाहन कलपुर्जों और अन्य विनिर्माण जैसे पेट्रोरसायन आधारित कच्चे माल तथा मध्यवर्ती उत्पादों पर निर्भर क्षेत्रों को राहत देना है। अधिकारियों ने बताया कि इस छूट को आगे बढ़ाने का निर्णय लेते समय इससे जुड़े राजस्व प्रभावों पर भी विचार करना होगा। पश्चिम एशिया की स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये माल ढुलाई की स्थिति का विश्लेषण करने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### सीमा शुल्क से 2.71 लाख करोड़ राजस्व का लक्ष्य

सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीमा शुल्क से 2.71 लाख करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य रखा है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के 2.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। पश्चिम एशिया में संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध के कारण कच्चे तेल, खाद्य एवं उर्वरक आयात महंगे हो गए हैं। साथ ही, इस मार्ग से माल ढुलाई में कमी आने से कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

## एसबीआई बांड जारी कर जुटाएगा 60,000 करोड़ ...




**नई दिल्ली**। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में 60,000 करोड़ रुपये तक पूंजी जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह राशि ऋण साधनों के माध्यम से जुटाई जाएगी। बैंक ने शेयर बाजार को बृहस्पतिवार को दी सूचना में बताया कि यह धनराशि रुपये या किसी अन्य परिवर्तनीय मुद्रा में दीर्घकालिक बॉन्ड, बासेल-तीन अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड से तथा बेसल-तीन अनुरूप टियर-2 बॉन्ड जारी कर जुटाई जाएगी। टियर-1 बॉन्ड से तात्पर्य इक्विटी पूंजी और टियर-2 बॉन्ड का मतलब निश्चित अवधि के लिए जुटाई जाने वाली राशि से है। एसबीआई ने कहा कि यह पूंजी घरेलू और/या विदेशी निवेशकों से सार्वजनिक निर्गम या निजी नियोजन के माध्यम से वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान जुटाई जाएगी।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 254 अंक चढ़ा

- भू-राजनीतित मोर्चे पर सकारात्मक रुख रहा

मुंबई



भू-राजनीतिक मोर्चे पर सकारात्मक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 254 अंक और निफ्टी में 82 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 254.36 अंक की बढ़त के साथ 77,409.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 77,492.33 अंक के उच्चतम और 76,953 के निचले स्तर तक गया। इसी तरह निफ्टी भी 82.30 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 24,168 अंक पर बंद हुआ।

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही।

# सोना आयात शुल्क बढ़ोतरी के बाद 70% घटा

नई दिल्ली

सोने पर सीमा शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद देश में सोने का आयात करीब 70 प्रतिशत घटकर 25-30 टन रह गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार ने सोना और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

यह फैसला 13 मई से प्रभावी है। अधिकारी ने कहा, '' आयात शुल्क बढ़ने के बाद एक महीने में सोने का आयात पहले के 75-100 टन से घटकर 25-30 टन रह गया है। मूल्य के लिहाज से हालांकि, मई में सोने का आयात सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 3.41 अरब डॉलर हो गया, जिसका मुख्य कारण ऊंची कीमतें रहीं।



- सोने का आयात घटकर 25-30 टन रह गया
- सीमा शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया

### भारत की आयात लागत बढ़ने की आशंका

पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं के कारण भारत की आयात लागत बढ़ने की आशंका है। ऐसे में सरकार चाहती है कि विदेशी मुद्रा खर्च को कच्चे तेल, उर्वरक, औद्योगिक कच्चे माल एवं पूंजीगत वस्तुओं जैसे आवश्यक आयातों पर प्राथमिकता दी जाए, जो सीधे आर्थिक गतिविधियों और खाद्य सुरक्षा को समर्थन देते हैं।

# एनएसई के शेयरधारकों को आईपीओ से तगड़ा लाभ होने का अनुमान

नई दिल्ली




- एसबीआई, दमानी और संस्थागत निवेशक होंगे बड़े लाभार्थी
- निर्गम का आकार लगभग 30,000 करोड़ रुपए होगा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अपने मौजूदा शेयरधारकों के लिए बड़ा मूल्य सृजन करने जा रहा है, जिससे संस्थागत निवेशकों, वित्तीय संस्थाओं और उद्योग के दिग्गजों को हजारों करोड़ रुपये का लाभ मिलने की संभावना है।

देश के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने आईपीओ की मंजूरी के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल किए इस निर्गम का आकार लगभग 30,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा और इसमें कोई नए शेयर नहीं जारी किए जाएंगे।

## कॉग्निजेंट व पिर्यसन की संयुक्त अध्ययन में यह बात सामने आई

# भारत में 37 प्रतिशत कार्य पहले ही एआई कर रहा

नई दिल्ली

भारत में 'प्रवेश स्तर' की नौकरियों के लगभग 37 प्रतिशत कार्य पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) कर रहा है जबकि वैश्विक स्तर पर यह औसत 33 प्रतिशत से अधिक है। एक संयुक्त अध्ययन में यह बात सामने आई।'एंट्री-लेवल' भूमिकाएं से तात्पर्य उन कार्यों से है जिनके लिए बहुत ज्यादा अनुभव की जरूरत नहीं होती। कॉग्निजेंट एवं पियर्सन की रिपोर्ट अनुसार, 'प्रवेश स्तर' की भूमिकाएं अब तेजी से बदल रही हैं और कंपनियां कार्य निष्पादन से आगे बढ़कर एआई प्रणाली के साथ काम करने की दिशा में जा रही हैं।

- प्रवेश स्तर की नौकरियां पहले से ही एआई कर रहा



*वैश्विक औसत 33 प्रतिशत : यह सर्वेक्षण अमेरिका, ब्रिटेन और भारत के 750 एचआर दिग्गजों पर आधारित है। इसे 23 मार्च से तीन अप्रैल, 2026 के बीच वेकफील्ड रिसर्च द्वारा किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 37 प्रतिशत 'एंट्री-लेवल' कार्य एआई कर रहा है, जबकि वैश्विक औसत 33 प्रतिशत है। लगभग 18 प्रतिशत एचआर पेशेवरों ने बताया कि एआई अब आधे या उससे अधिक प्रवेश स्तर के काम को संभाल रहा है।*

### कंपनियां एआई को रोजमर्रा के काम में तेजी से शामिल कर रहे

अध्ययन में यह भी कहा गया कि भारत में 80 प्रतिशत संगठन मानते हैं कि एआई कर्मचारियों को उच्च मूल्य वाले कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर 77 प्रतिशत है। कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष (वैश्विक संचालन) और चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजेश वेरियर ने कहा कि भारत प्रवेश स्तर के काम में एआई बदलाव के मामले में अग्रणी है और कंपनियां एआई को रोजमर्रा के काम में तेजी से शामिल कर रही हैं।

### *जैसे-जैसे काम का तरीका बदलेगा एआई की क्षमता विकसित होगी*

*वेरियर ने कहा कि भूमिकाओं का मौलिक पुनर्गठन हो रहा है, जहां शुरुआती करियर वाले कर्मचारियों से एआई के साथ काम करने और अधिक मूल्य आधारित परिणाम देने की उम्मीद की जा रही है। पियर्सन की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी अली बेबो ने कहा कि जैसे-जैसे काम का तरीका बदलेगा, बड़े संगठन उन क्षमताओं को विकसित करने पर अधिक ध्यान देंगे जो लोगों और एआई को एक साथ काम करने में मदद करेंगी।*

# मांग घटने से सोना 960 रुपए घटा, चांदी 6,660 रुपए टूटी

- सोना घटकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी टूटकर 2,48,740 रुपए प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 960 रुपये टूटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, शेयर बाजार में तेजी के बीच सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में कीमती धातुओं की मांग घटने से चांदी की कीमत 6,660 रुपये लुढ़क गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 960 रुपये टूटकर 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। चांदी में भी भारी बिकवाली का दबाव देखा गया और इसकी कीमत 6,660 रुपये लुढ़ककर 2,48,740 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।



# कालेब यिरेनकी के अंतिम क्षणों के गोल से घाना जीता

टोरंटो

कालेब यिरेनकी के दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में किए गए गोल की मदद से घाना ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एल के मैच में पनामा को 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर छूटेगा तब यिरेनकी ने ब्रैंडन थॉमस असांटे के क्रॉस पर गोल किया। थॉमस असांटे को बायीं ओर से गोल करने का मौका मिला और उन्होंने करारा शॉट जमाया जिसे यिरेनकी ने सही दिशा देकर गोल में डाल दिया। इस मैच में दोनों टीम को गोल करने के बहुत कम मौके मिले थे। ऐसे में पनामा को उम्मीद थी कि वह विश्व कप में अपना पहला अंक हासिल करने में सफल रहेगा लेकिन यिरेनकी के गोल ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### घाना ने 65वें मिनट पर किया गोल

घाना को 65वें मिनट में गोल करने का मौका मिला था जब थॉमस असांटे ने पनामा की रक्षापंक्ति को भेदते हुए बॉक्स के अंदर जॉर्डन अय्यू को पास दिया, लेकिन जियोवानी रामोस ने पीछे से आकर यह प्रयास नाकाम कर दिया। इस जीत से घाना ग्रुप एल में इंग्लैंड के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

### गोलकीपर ने रोका शानदार पहला शॉट

पहले हाफ में गोल पर एकमात्र शॉट खेल शुरू होने के दो मिनट बाद लगाया गया। तब पनामा के फॉरवर्ड सेसिलियो वाटरमैन ने आमिर मुरिलो के एक निचले क्रॉस पर गेंद पर बॉक्स के बीच से शॉट लगाया लेकिन गोलकीपर एटिजिगी ने दायीं ओर डाइव लगाकर उसे रोक दिया। एटिजिगी चोटिल होने के कारण हाफटाइम के बाद मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह बेंजामिन असारे ने ली।



# नहीं चला रोनाल्डो का जादू, कांगो ने पुर्तगाल को बराबरी पर रोका

ह्यूस्टन

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने हैट्रिक बनाकर अपनी टीम को विश्व कप फुटबॉल में शानदार शुरुआत दिलाई थी लेकिन उन्हीं की तरह छठी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एक अन्य दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ऐसा कोई कमाल नहीं दिखा पाए और उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो के खिलाफ अप्रत्याशित रूप से 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रोनाल्डो और पुर्तगाल अपने पहले विश्व कप खिताब की कवायद में हैं लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और यह किसी बड़े उलटफेर से कम नहीं है। यह कांगो के इतिहास में विश्व कप का पहला गोल था। कांगो ने इससे पहले 1974 में विश्व कप में भाग लिया था लेकिन तब वह अपने तीनों मैच हार गया था।

### कांगो 52 वर्ष में पहली बार हिस्सा ले रहा


कांगो 52 वर्ष में पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। वह अफ्रीका की दूसरी टीम है जिसने यूरोप की किसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोका। इससे पहले सोमवार को केप वर्डे ने स्पेन को गोलरहित बराबरी पर रोका था। एनआरजी स्टेडियम में 68,777 दर्शकों में पुर्तगाल के समर्थकों की संख्या काफी अधिक थी। उसकी टीम ने अच्छी शुरुआत की थी। जोआओ नेवेस ने छठे मिनट में पुर्तगाल को शुरुआती बढ़त दिलाई। पांच फुट सात इंच लंबे इस मिडफील्डर ने पेड्रो नेटो के क्रॉस पर हेडर से गोल किया लेकिन पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में आर्थर मासुअकू के क्रॉस पर योआने विस्सा ने हेडर से गोल करके कांगो को बराबरी पर ला दिया, जिससे नीली जर्सी पहने उसके मुट्ठी भर प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### पुर्तगाल कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया

दूसरी तरफ पुर्तगाल खिताब का प्रबल दावेदार है। सभी की नजरें रोनाल्डो पर टिकी थी। उन्हें दो अवसरों पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। रोनाल्डो 68वें और 73वें मिनट में दाहिनी ओर से शॉट नहीं लगा पाए। दोनों ही मौकों पर उन्होंने निराशा में अपना सिर हिलाया। रोनाल्डो के प्रयासों के अलावा ब्रूनो फर्नांडिस के पास 90वें मिनट में पुर्तगाल को बढ़त दिलाने का मौका था, लेकिन उनका शॉट भी दाईं ओर से बाहर चला गया। पुर्तगाल ने 55वें मिनट में जोआओ कैंसलो के बाइसाइकिल किक से बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन उन्हें ऑफसाइड करार दिया गया।

# डेब्यू मैच में डियाज़ ने ठोका गोल, कोलंबिया ने उज्बेकिस्तान को दी मात

**मैक्सिको सिटी।** लुई डियाज ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपने पदार्पण मैच में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे कोलंबिया ने विश्व कप के ग्रुप के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से शानदार जीत हासिल की। विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे एक अन्य खिलाड़ी डेनियल मुनोज 40वें मिनट में डियाज के पास पर कोलंबिया के लिए पहला गोल किया। डियाज ने 65वें मिनट में निर्णायक गोल दागा जब उनका करीब से लगाया गया शॉट गोता लगाकर रोकने की कोशिश कर रहे गोलकीपर उत्किर युसुपोव के हाथों को स्पर्श करके गोल लाइन के पार चला गया। उज्बेकिस्तान के लिए फैजुल्लायेव अब्बोसबेक ने 60वें मिनट में गोल किया। उज्बेकिस्तान ने एस्टाडियो एज्टेका में 80,824 दर्शकों के सामने विश्व कप में अपना पदार्पण किया।



### कोलंबिया ने किया शानदार प्रदर्शन

विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज कोलंबियाई टीम को 50वें स्थान की टीम उज्बेकिस्तान पर जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। कोलंबिया ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से जैमिंटन कैम्पाज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया। इस जीत से कोलंबिया ग्रुप के में पुर्तगाल और कांगो से आगे निकलकर शीर्ष पर पहुंच गया है।



## हैरी ने दागे दो गोल, इंग्लैंड ने क्रोएशिया को हराया

आर्लिंगटन। हैरी केन ने दो गोल करके विश्व कप फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे उनकी टीम ने ग्रुप एल के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 4-2 की जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उन्होंने इसके बाद 42वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। मार्टिन बटुरिना (36वें) और पीटर मूसा ने पहले हाफ में गोल करके क्रोएशिया को मुकाबले में बनाए रखा। मूसा ने अपना गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में किया।

## खबर संक्षेप




### इनियान पा ग्लोबल शतरंज महोत्सव में खिताब जीतने के करीब

**मुंबई।** ग्रैंडमास्टर इनियान पा को ग्लोबल शतरंज महोत्सव के मास्टर वर्ग में खिताब जीतने के लिए अब केवल ड्रॉ की जरूरत है। इनियान अन्य खिलाड़ियों से एक अंक आगे शीर्ष पर काबिज हैं जबकि अब केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। इनियान के अब सात अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज बोरिस सावचेंको, सुरेश, आकाश शरदचंद्र दलवी, अपूर्व कांबले और अजय संतोष परवथारेड्डी पर एक अंक की बढ़त बनाए हुए हैं। इनियान नौवें दौर में परवथारेड्डी का सामना करेंगे।

### मुक्केबाजी विश्व कप : मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**गुइयांग (चीन)।** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी ने बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी विश्व कप के दूसरे चरण में महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा 48 किग्रा विश्व चैंपियन और इस वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज मीनाक्षी इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 51 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने पोलैंड की नतालिया कुचेव्स्का के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत हासिल करके अगले दौर में जगह बनाई।चौथे दिन हुए एक और मुकाबले में अविनाश जमवाल (65 किग्रा) किर्गिस्तान के मिर्जोखिद इमामनाजारोव से 0-5 से हारकर बाहर हो गए। टूर्नामेंट में अब तक पांच भारतीय मुक्केबाज निखिल (55 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), मीनाक्षी (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा) और स्नेह (65किग्रा) क्वार्टरफाइनल में पहुच चुके हैं।



एफआईएच नेशंस कप

# उरुग्वे को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री, दीपिका रहीं मैच की हीरो

ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशंस कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उरुग्वे को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारत की जीत की सबसे बड़ी हीरो दीपिका रहीं, जिन्होंने दो अहम गोल दागे। वहीं दीपिका सोरेंग ने भी एक शानदार मैदानी गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले भारतीय टीम अमेरिका और जापान को भी मात दे चुकी है।



### उरुग्वे ने बनाई शुरुआती बढ़त

मैच के 13वें मिनट में उरुग्वे की चियारा एपेनिनो ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने जल्द ही वापसी करते हुए 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

### तीसरे क्वार्टर में भारत ने पलटा मैच

तीसरे क्वार्टर के 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग ने शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद मुकाबला रोमांचक हो गया। मैच के 55वें मिनट में उरुग्वे की कप्तान मैनुएला विलार ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। लेकिन अगले ही मिनट दीपिका ने अपना दूसरा गोल दागते हुए भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई, जो अंत तक कायम रही।

**नेहा के लिए भी खास रहा मुकाबला**

यह मुकाबला भारतीय खिलाड़ी नेहा के लिए भी बेहद यादगार रहा। उन्होंने इस मैच के साथ भारत के लिए अपने करियर का 200वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। अब भारतीय टीम 20 जून को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चिली या दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी।

# डायमंड लीग : नीरज का मुकाबला श्रीलंका के रुमेश पथिरागे से आज

दोहा

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा को उम्मीद होगी कि जब वह शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग में फॉर्म में चल रहे शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ वापसी करेंगे तो चोट के कारण प्रतियोगिताओं से अनुपस्थिति उनकी लय को प्रभावित नहीं करेगी।

इसमें भाग लेने वाले शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों में श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश थरंगा पथिरागे भी शामिल होंगे जिन्होंने कुछ दिन पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है। दूसरी ओर 28 वर्षीय चोपड़ा पीठ की चोट से उबर रहे हैं लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कतर स्पोर्ट्स क्लब में वह शुरुआत से ही अपनी लय हासिल कर लेंगे। दोहा उनके लिए भाग्यशाली रहा है। यहीं पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने पिछले साल मई में 90 मीटर का थ्रो किया था। वह 90.23 मीटर के थ्रो से जर्मनी के जूलियन वेबर (91.06 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इस सत्र में पथिरागे ने दो बार 89 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया है। वह प्रतिष्ठित गोल्डन स्पाइक मीट में 86.57 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल करने के बाद दोहा डायमंड लीग में आए हैं।




एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप

# अभय-वेलावन की जोड़ी की जीत से शुरूआत

नई दिल्ली

भारत के अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने बृहस्पतिवार को मलेशिया के सारावाक में चल रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में दक्षिण कोरिया के ओ सियोजिन और मिनवू ली की जोड़ी पर सीधे सेट में मिली जीत से खिताब बचाने का अभियान शुरू किया।

गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पूल ए में कोरियाई जोड़ी पर 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारत के राहुल बैथा और सूरज चंद ने पूल बी में सिंगापुर के सैमुअल क्यूएक वेई यि और जस्टिन याप पर 11-3 11-3 से शुरूआत की लेकिन जापान के नाओकी हयाशी और रेन माकिनो से 8-11 11-8 6-11 से हार गए।



### युगल खिलाड़ियों का प्रदर्शन

*मिश्रित युगल में वेलावन और जोशना चिनप्पा की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चीनी ताइपे के कोर्डिला सु और पान होंग रूई को पूल बी में 11-2 11-3 से हराया। महिला युगल में जोशना और रथिका सीलन की दूसरी वरीय जोड़ी ने छह टीम के पूल बी में अपने सभी तीनों मुकाबले जीत लिए। उन्होंने सिंगापुर की जयना लिम और जसिंथा हान को 11-5 11-5, सुगिमोटो रिसा और एरिसा सानो की जापानी जोड़ी को 11-9 11-8 और हमवतन जानेट विधि और पूजा आरथी को 11-5 11-8 से शिकस्त दी।*

## गर्मी को देखते हुए 10 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड देश के अधिकांश हिस्सों में मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अगले साल से 10 मार्च से 15 मई तक आयोजित करने पर



विचार कर रहा है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए मैचों की संख्या 74 ही रहेगी और इसे बढ़ाकर 94 नहीं किया जाएगा।

आईपीएल आमतौर पर मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होता है और मई के अंत तक चलता है। सैकिया ने कहा कि आईपीएल को जल्दी शुरू करने से खिलाड़ी ही नहीं दर्शकों को भी फायदा होगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट में बारिश के दखल को कम करने के लिए ये बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग

# भारत ने जर्मनी को हराया मनप्रीत ने बनाया रिकॉर्ड



रॉटरडम

मनप्रीत सिंह ने अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया, जबकि भारत ने यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अपने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 3-1 से हराया।

भारत की ओर से मनदीप सिंह (सातवें), शिलानंद लाकड़ा (13वें) और नीलकांत शर्मा (35वें) ने एक-एक गोल दागा, जबकि जर्मनी की तरफ से एकमात्र गोल राफेल हार्टकॉफ (45वें) ने किया। भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### भारत ने शुरू से ही बनाए रखा दबाव

भारत ने अच्छी शुरुआत की और शुरू से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा जिसका फायदा उसे सातवें मिनट में मिला जब मनदीप ने गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। लाकड़ा ने पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले ही शानदार शॉट लगाकर जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर को हतप्रभ किया और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने भारत के हाफ में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने दमदार खेल का नजारा पेश किया। जर्मनी को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन पहला अमित रोहिदास ने बचा दिया और दूसरा गोलकीपर मोहित ने नाकाम कर दिया, जिससे भारत की बढ़त बरकरार रही।

### तीसरा गोल नीलकांत ने ठोक दिया

भारत ने तब अपनी बढ़त को 3-0 तक कर दिया जब नीलकांत ने अकेले ही दौड़ते हुए जर्मन डिफेंडरों को पछाड़कर गेंद को गोल में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में महज 20 सेकंड शेष रहते हुए हार्टकोफ ने 45वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा। जर्मनी की टीम ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया और चौथे क्वार्टर में लगातार हमले किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उन्हें नाकाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार पारी खेल कोहली का 'विराट' रिकॉर्ड किया ध्वस्त

# श्रेयस अय्यर ने पलट दिया भारत के वनडे क्रिकेट का इतिहास

नई दिल्ली

श्रेयस अय्यर ने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में 3000 रन पूरे करते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अय्यर ने यह उपलब्धि 72 पारियों में हासिल की और भारत के लिए सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

भारतीय क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 170 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में जहां कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन ने शतक लगाए, वहीं उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली।




### गेंदों के हिसाब से भी खास उपलब्धि

अगर सबसे कम गेंदों में 3000 वनडे रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो श्रेयस अय्यर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 3049 गेंदों का सामना किया। इस सूची में शीर्ष स्थान पर पूर्व कप्तान और 1983 विश्व कप विजेता कपिल देव हैं। उन्होंने सिर्फ 2995 गेंदों में 3000 रन पूरे किए थे। खास बात यह है कि वह ऐसे इकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने 3000 रन तक पहुंचने के लिए 3000 से कम गेंदों का इस्तेमाल किया। शुभमन गिल 3016 गेंदों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी

3000 वनडे रन तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में अब श्रेयस अय्यर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी 72 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

- 62 पारियां – शुभमन गिल
- 72 पारियां – शिखर धवन
- 72 पारियां – श्रेयस अय्यर
- 75 पारियां – विराट कोहली
- 78 पारियां – केएल राहुल
- 79 पारियां – नवजोत सिंह सिद्धू

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर संकट, लेबनान में इजरायली हमले के बाद ईरान ने वार्ता से खींचे हाथ

एजेंसी



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच मध्य पूर्व में 107 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष को रोकने के लिए बनी सीजफायर डील लागू होने के 24 घंटे के भीतर ही बड़े संकट में घिर गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच दक्षिणी लेबनान में जंग दोबारा तेज हो गई है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के समीकरण पूरी तरह गड़बड़ा गए हैं। इस भीषण सैन्य टकराव के चलते शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के ओबबर्गन में होने वाली अमेरिका-ईरान की ऐतिहासिक आमने-सामने की बैठक को टालना पड़ा है, जिससे वैश्विक तेल बाजारों और शांति प्रयासों को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है। दक्षिणी लेबनान में रात भर हुई इजरायली एयरस्ट्राइक में 18 लेबनानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि हिजबुल्लाह के साथ लड़ाई में इजरायल के भी 4 सैनिक मारे गए। ईरान ने इसे समझौते और लेबनान की अखंडता का सीधा उल्लंघन माना है। ईरान ने साफ कर दिया है कि इजरायल के इन हमलों और बेंजामिन नेतन्याहू के आक्रामक बयानों के रहते वह वार्ता की मेज पर नहीं बैठेगा और उसने अपना प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड भेजने से मना कर दिया। इसके तुरंत बाद, व्हाइट हाउस ने 'लॉजिस्टिक' कारणों का हवाला देते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा रद्द कर दिया। वहीं, समझौते की साइनिंग सेरेमनी की मेजबानी करने जा रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी इस अप्रत्याशित कदम के बाद पीछे हट गए हैं।

**ट्रंप के फैसले से इजरायल नाराज**

इस शांति समझौते को लेकर अमेरिका और उसके सबसे भरोसेमंद सहयोगी इजरायल के बीच तकरार खुलकर सामने आ गई है। इजरायल के दक्षिणपंथी मंत्रियों- इतमार बेन-ग्विर और बेजालेल स्मोट्रिच ने इस डील की तीखी आलोचना करते हुए इसे 'नर्क के दरवाजे खोलना' बताया है। उनका आरोप है कि यह डील ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नहीं रोकती। इजरायल की इस नाराजगी के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पलटवार करते हुए कहा है कि इस वक्त पूरी दुनिया में सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप ही इजरायल के सच्चे हितैषी हैं, लेकिन वहां का नेतृत्व इसकी कद्र नहीं कर रहा। ट्रंप ने खुद इस डील का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका को तेल की आसमान छूती कीमतों, महंगाई और 1930 जैसी आर्थिक तबाही से बचाने के लिए इस समझौते पर दस्तखत किए थे।

# न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में फायरिंग से हड़कंप : जश्न के बीच चली गोलियां, एक नाबालिग हिरासत में

एजेंसी



**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क का मशहूर टाइम्स स्क्वायर गुरुवार की दोपहर अचानक गोलियों की आवाज से दहल उठा। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3:40 बजे एक भीड़भाड़ वाले चौराहे पर अचानक झगड़ा शुरू हुआ। इस दौरान एक 26 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर चाकू मार दिया गया, जिसके तुरंत बाद वहां गोलीबारी शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते और छिपते हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब शहर 'न्यूयॉर्क निक्स' की चैंपियनशिप जीत के जश्न में डूबा हुआ था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 17 वर्षीय किशोर को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस घटना के पीछे का मकसद क्या था और क्या इसमें कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था।

गोलीबारी के बाद घायलों की संख्या को लेकर अभी पूरी तरह स्पष्टता नहीं है। न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, घटना के बाद एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया था। हालांकि, बाद की रिपोर्ट्स में यह कहा गया है कि किसी को गोली लगने से गंभीर चोट या मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अभी मामले की गहन जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि गोलीबारी के कारण किसी को चोट तो नहीं आई। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने टाइम्स स्क्वायर के प्रभावित इलाकों को सील कर दिया। वहां तैनात अधिकारियों ने न केवल संदिग्ध का पीछा किया, बल्कि आसपास के सर्विलांस फुटेज को भी खंगालना शुरू कर दिया है। गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अपनानी होगी 'कृष्ण नीति' : अमित शाह ने पुलिस को दिया 'नया मंत्र'

आलोक रंजन का कार्यकाल एनसीआरबी के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश भर के पुलिस महानिदेशकों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों से उनके पास मौजूद आपराधिक डेटा को ऐसी खुफिया जानकारी (एक्शनेबल इंटेलिजेंस) में बदलने को कहा, जिस पर तुरंत कार्रवाई की जा सके. उन्होंने कहा कि जानकारी का अपने आप में तब तक कोई खास मोल नहीं है, जब तक कि उससे अपराधियों की पहचान, गिरफ्तारी और उन्हें सजा न दिलाई जा सके. नई दिल्ली में 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शाह ने महाभारत का उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि महाभारत के महायुद्ध में जानकारी को खुफिया रणनीति में बदलने की भगवान कृष्ण की क्षमता ने ही आखिरकार जीत पक्की करने में मदद की थी. शाह ने पुलिस बलों से अपराध की रोकथाम और जांच के लिए डेटा-आधारित तरीका अपनाने की अपील करते हुए कहा, जिस तरह कृष्ण ने महाभारत के दौरान जानकारी को खुफिया रणनीति में बदला था, उसी तरह हमारे पुलिस तंत्र को भी अपराध से लड़ते समय जानकारी को सटीक खुफिया सूचना में बदलना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान, गृह मंत्री ने 'अभिज्ञान' ऐप, CrPI सिस्टम, ई-प्रॉसिक्यूशन 2.0 और ई-फॉरेंसिक 2.0 को लॉन्च किया.

राष्ट्रीय डेटाबेस के महत्व पर जोर देते हुए, शाह ने कहा कि राज्यों को 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली' और आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के नियमों का पूरा उपयोग करना चाहिए. उनके अनुसार, इन रिकॉर्ड्स को सिर्फ फाइलों या कंप्यूटर में जमा करके नहीं रखना चाहिए, बल्कि अपराधों को रोकने और उन्हें सुलझाने के लिए इनका गहराई से विश्लेषण किया जाना चाहिए. 'नाफिस' पूरे भारत के फिंगरप्रिंट का एक डिजिटल डेटाबेस है. यह गिरफ्तार किए गए हर अपराधी को एक खास 'राष्ट्रीय फिंगरप्रिंट नंबर' देता है, जिससे उसे देश के किसी भी कोने में आसानी से ट्रैक किया जा सके. वहीं, आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 कानून प्रवर्तन एजेंसियों (पुलिस और जांच टीमों) को जांच के लिए गिरफ्तार या दोषी व्यक्तियों के शारीरिक और जैविक माप (जैसे फिंगरप्रिंट, डीएनए आदि) इकट्ठा करने और उन्हें सुरक्षित रखने का अधिकार देता है. शाह ने इस बात पर गौर किया कि फिंगरप्रिंट के सबूत आज भी आपराधिक जांच में सबसे भरोसेमंद जरिया हैं. हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि अब तक 'नाफिस' डेटाबेस का केवल 10 प्रतिशत ही सही तरीके से इस्तेमाल हो पाया है. उन्होंने सभी पुलिस महानिदेशकों को निर्देश दिया कि वे अगले एक साल तक पुलिसकर्मियों के लिए हर हफ्ते ट्रेनिंग सेशन आयोजित करें, ताकि इन प्रणालियों से मिलने वाले डेटा को इकट्ठा करने, उसका विश्लेषण करने और इस्तेमाल को बेहतर बनाया जा सके.

गृह मंत्री ने आपराधिक डेटाबेस का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग तकनीकों का इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकें जांच एजेंसियों को अपराध के तरीकों को पहचानने, बार-बार अपराध करने वालों का प्रोफाइल तैयार करने, अपराधियों के व्यवहार को समझने और राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के आपराधिक नेटवर्क का पता लगाने में मदद कर सकती हैं. उन्होंने पुलिस ट्रेनिंग प्रोग्रामों में सभी डिजिटल मॉड्यूल को शामिल करने की वकालत की और आपराधिक न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तकनीक की मदद से चार्जशीट का सारांश तैयार करने की अपील की. गृह मंत्रालय के तहत हुए बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण का जिक्र करते हुए, शाह ने कहा कि 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स' ने देश भर के 17,840 पुलिस स्टेशनों को आपस में जोड़ दिया है. इसमें पुराने रिकॉर्ड्स सहित लगभग 37.86 करोड़ एफआईआर दर्ज हैं.

# संक्षिप्त खबर

### योग दिवस कार्यक्रम में पीएम मोदी होंगे शामिल, रेड रोड बंद किये जाने के विरोध में याचिका



**कोलकाता।** 21 जून को योग दिवस पर कोलकाता के रेड रोड पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. योग दिवस की तैयारी को लेकर 14 जून से रेड रोड बंद है. खबरों के अनुसार रोड बंद किये जाने के खिलाफ ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि सड़क बंद होने से वकीलों और आम लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने रोड बंद करने का विरोध किया है. सुनवाई के क्रम में जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने राज्य सरकार को आदेश देते हुए कहा कि रेड रोड बंद रहने तक लोगों के लिए वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम किया जाये और कार्यक्रम खत्म होते ही अविलंब सड़क आवागमन के लिए खोल दी जाये. याचिकाकताओं की ओर से सीनियर वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने सरकार की आलोचना करते हुए कोर्ट से कहा कि पूरी सड़क बंद करने के बजाय उसका एक हिस्सा खुला रखा जा सकता था. ऐसा होने पर लोगों को लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ता. राज्य सरकार की ओर से दलील पेश की गयी कि योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है. यह भी बताया कि इलाके में कई वैकल्पिक रास्ते मौजूद हैं. लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी. सुनवाई को बाद कलकत्ता हाईकोर्ट राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके बाद मामले की अगली सुनवाई की जायेगी. एक खबर और है कि पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों से भी योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने को कहा गया है. इस पर राज्य कर्मचारी संगठनों ने आपत्ति जताई है.

### क्रॉस-वोटिंग से कर्नाटका बीजेपी में सियासी तूफान, नितिन नवीन ने विजयेंद्र को किया तलब



**नयी दिल्ली।** राज्य विधान परिषद चुनावों में क्रॉस-वोटिंग के बाद, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कर्नाटक पार्टी प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और पार्टी के अन्य नेताओं को तलब किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि नवीन ने चुनाव में क्रॉस-वोटिंग पर कड़ी आपत्ति जताई है और येदियुरप्पा व अन्य नेताओं से 23 जून को यहां उनसे मुलाकात को कहा है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व में नयी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद हुए पहले चुनावी मुकाबले में, सत्ताधारी कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को विधान परिषद की सात सीट में से पांच पर जीत हासिल की जबकि विपक्षी दल भाजपा ने दो सीट जीतीं। सूत्रों ने बताया कि परिणामों में विपक्षी दल भाजपा और जद (एस) के विधायकों की क्रॉस-वोटिंग सामने आई, जिससे कांग्रेस को 151 वोट मिले, जो उसके अनुमानित 140 वोटों से 11 अधिक थे। सूत्रों के मुताबिक, शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि इस चुनाव में भाजपा के तीन और जद (एस) के आठ विधायकों ने कथित तौर पर क्रॉस-वोटिंग की और भाजपा के एक विधायक का वोट अमान्य घोषित कर दिया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता आर. अशोक ने भाजपा विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग किए जाने की बात स्वीकार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि जिन लोगों ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है, उनकी पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट से सीएम विजय को राहत! विश्वास मत में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु विधानसभा में 13 मई को हुए विश्वास मत में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहना की बेंच ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि यह दावे की पुष्टि करने के लिए रिकॉर्ड पर बिना किसी विश्वसनीय सामग्री के 'अस्पष्ट, अनर्गल और आरोपों' पर आधारित है. बेंच ने साफ कर दिया कि वह याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है. तमिलनाडु में 13 मई को, सी जोसफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) सरकार ने द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) के वॉकआउट के बीच अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी विधायकों के समर्थन से विश्वास मत हासिल कर एक बड़ी बाधा को पार कर लिया था. टीवीके 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन विजय सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से समर्थन प्राप्त करने में सफल रहे, जिससे 120 विधायकों को इकट्ठा कर 118 के आंकड़े को पार कर लिया. विपक्ष ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए थे जिन्हें विजय ने खारिज कर दिया था. याचिकाकर्ता के के रमेश की तरफ से पेश हुए वकील ने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है.

### दिल्ली को मिला पहला महिला पुलिस थाना, जांच अधिकारी से सिपाही तक सब महिलाएं

**नयी दिल्ली।** राजधानी में महिला सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में दिल्ली पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एक समर्पित 'महिला पुलिस थाने' का उद्घाटन किया. यह सर्व-महिला पुलिस थाना दिल्ली के उत्तर जिले के सब्जी मंडी क्षेत्र में है. यहां जांच अधिकारी से सिपाही तक सब महिलाएं होंगी. इस दौरान उन्होंने पुलिस की महिला सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख पहलों की समीक्षा की और राजधानी में महिला-अनुकूल पुलिसिंग के नए मानदंड स्थापित करने के निर्देश दिए. उद्घाटन के अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह स्पष्ट विजन है कि 'नारी शक्ति' ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है. इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह नया महिला पुलिस थाना महिलाओं को सुरक्षित और सहयोगी वातावरण प्रदान करेगा. यहां वे बिना किसी डर या संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज करा न्याय की मांग कर सकेंगी. यह संस्थान महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक 'नोडल सेंटर' के रूप में काम करेगा. उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'पिंक बूथ' और 'सशक्त' अभियान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की. इन पहलों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर इनकी प्रभावशीलता को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है.

# नागपुर में बोले राजनाथ सिंह- 'युद्ध में टूटती है सप्लाई व्यवस्था, आत्मनिर्भरता ही विकल्प'

एजेंसी



**नागपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर में यंत्र इंडिया लिमिटेड की सुविधा में 10,000 टन की अत्याधुनिक एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस के लिए 'भूमि पूजन' किया। उन्होंने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की बदलाव लाने वाली सोच का प्रतीक बताया। वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रोजेक्ट दिखाता है कि भारत कैसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आयातक से घरेलू निमार्ता बनने की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने कहा यह हमारी बदलाव लाने वाली सोच का प्रतीक है। जिन जरूरतों के लिए देश को कभी बाहर देखना पड़ता था, उन्हें अब धीरे-धीरे हमारे अपने देश में हमारे अपने नागरिक ही पूरा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह जरूरी है क्योंकि हम सभी आज दुनिया के हालात देख सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय टकरावों के दौरान ग्लोबल लॉजिस्टिक्स की कमजोरी को बताते हुए, रक्षा मंत्री ने स्वदेशीकरण के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, जब युद्ध छिड़ते हैं, तो पूरी सप्लाई व्यवस्था पर असर पड़ता है। इसलिए, ऐसे समय में हर देश चाहता है कि उसकी सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरी चीजें उसके अपने हाथों में हों और उन्हें वह खुद बनाए। भारत के रक्षा क्षेत्र में तेजी से हो रही बढ़ोतरी का ज़िक्र करते हुए, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 के बाद से देश के घरेलू रक्षा उत्पादन और निर्यात में जबरदस्त उछाल आया है। उन्होंने कहा कि हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन सिर्फ. 46,000 करोड़ रुपये था। लेकिन आज, मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी और गर्व हो रहा है कि अगर हम भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़ों को देखें, तो यह अब बढ़कर रिकॉर्ड 1,78,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। 2014 में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 1,000 करोड़ रुपये था। आज, आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस समय हम लगभग 40,000 करोड़ रुपये के हथियार निर्यात कर रहे हैं, जिन्हें कुशल कारीगरों ने भारत में ही बनाया है। इस समारोह में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और रक्षा उत्पादन विभाग तथा आईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। भारत की बढ़ती वैश्विक हैसियत और रणनीतिक ताकत पर जोर देते हुए, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि दुनिया अब भारत को एक ऐसी ताकत के तौर पर पहचानती है।

# अयोध्या में बोले योगी- राम भक्तों पर गोली चलाने वाले उपदेश न दें, चंदाचोरी मामले में कोई नहीं बचेगा

एजेंसी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शुक्रवार तो अयोध्या पहुंचे. उन्होंने अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित किया. सीएम योगी ऐसे समय में अयोध्या आये हैं, जब राम मंदिर चंदा चोरी का मामला लगातार तूल पकड़ रहा. सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव योगी आदित्यनाथ पर हमलावर है. जान लें कि योगी सरकार ने एसआईटी गठित कर दी है, जिसने जांच शुरू कर दी है. योगी ने अयोध्या में चंदा चोरी के आरोपों पर कहा, राम मंदिर निर्माण के लिए 500 साल संघर्ष चला है, इसलिए कोई भी अयोध्या को बदनाम न करने का साहस न करे. सीएम योगी ने कहा कि किसी के पास यदि चंदा चोरी का कोई सबूत है तो वह एसआईटी को दे, इसकी पूरी जांच कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

सीएम योगी ने विपक्ष पर खास कर सपा पर तेवर तल्ख करते हुए कहा, आरोप लगाने वाले लोग सिर्फ अयोध्या को बदनाम करने का काम कर रहे हैं. इन लोगों का आचरण सबके सामने है. इन लोगों ने कभी राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं, श्री राम बोलने पर लाठियां चलवाईं और कोर्ट में प्रभु राम के खिलाफ केस लड़ा. मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि चंदे की हेराफेरी मामले में जांच रिपोर्ट आने तक कोई भी बयानबाजी न करे. किसी के चरित्र हनन का दुस्साहस न करे. श्री योगी ने जनता को भरोसा दिया कि इस मामले में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं,

सीएम योगी ने इस क्रम में कहा, सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी. सपा पर हमलावर होते हुए कहा, जय श्री राम कहने पर गोली चलवाने वाली पार्टी राम भक्त बन रही है. योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमने ट्रस्ट की मांग पर एसआईटी बनवाई. जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा. किसी के पास कोई सुबूत हो तो एसआईटी को दे दे, बयानबाजी से अयोध्या का अपमान न करे.

इससे पूर्व योगी आदित्यनाथ ने राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सहित 378 करोड़ से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण भी किया. साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, अवंतीबाई लोधी, झलकारी बाई और उदा देवी के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की है.

# अयोध्या में 5वें दिन भी एसआईटी की जांच रही जारी, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र से करीब 4 घंटे तक हुई पूछताछ

एजेंसी



**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान की राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के मामले की प्रशासनिक जांच अब अपने सबसे निर्णायक दौर में पहुंच गई है। राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल लगातार पांचवें दिन अयोध्या में डेरा डाले हुए है। जांच टीम ने इस पूरे मामले से जुड़े विलेखों, बैंक खातों और रोज होने वाली दान की गिनती के तौर-तरीकों को समझने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान व पूर्व ब्रांच मैनेजरों को तलब कर लंबी पूछताछ की है। इस भारी प्रशासनिक हलचल के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं, जबकि एसआईटी अपने पहले चरण की जांच पूरी कर आज दोपहर बाद ही मुख्यमंत्री को अपनी प्राथमिक रिपोर्ट सौंपने लखनऊ रवाना होगी।

**ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र से 4 घंटे की पूछताछ और बयानों का क्रॉस चेक**

एसआईटी की टीम ने गुरुवार को मंदिर परिसर में करीब 10 घंटे का समय बिताया, जिसमें से लगभग 4 घंटे तक राम मंदिर ट्रस्ट के महत्वपूर्ण सदस्य डॉ. अनिल मिश्र से सघन पूछताछ की गई। डॉ. अनिल मिश्र ही मंदिर में दानपात्रों को खाली कराने से लेकर उनकी गिनती, बुककीपिंग और रकम को बैंक में जमा कराने की पूरी प्रक्रिया के मुख्य प्रभारी हैं। टीम ने उनसे इस पूरी व्यवस्था के नियमों, कर्मचारियों की नियुक्ति की विधिक प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों को लेकर कई तीखे सवाल किए। इसके ठीक बाद टीम ने चंपत राय के करीबी सहयोगी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव को बुलाकर अनिल मिश्र द्वारा दिए गए जवाबों का मिलान कराया और बयानों को क्रॉस चेक किया। यह पूरा वित्तीय विवाद तब और गहरा गया जब जांच में मामूली मानदेय पर काम करने वाले कर्मचारियों के पास करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्तियों का पता चला। पूर्व लेखाधिकारी महिपाल सिंह, जिन्होंने इस गड़बड़ी को सबसे पहले पकड़ा था, के दावों के अनुसार चंपत राय के सहयोगी टिन्नू यादव ने ही पकड़े जाने के डर से सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए थे। इसके अलावा, गर्भगृह में महाकुंभ और अन्य विशेष अवसरों पर आने वाले सोने-चांदी के चढ़ावे का प्रबंधन देखने वाले केडी तिवारी भी संदेह के घेरे में हैं, जिन्होंने महज 15 हजार रुपये की नौकरी के बावजूद पिछले कुछ महीनों में करीब 1.5 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी है।

### उत्तराखंड में भीषण सड़क हादसा, खाई में गिरी कार में लगी आग, दो लोगों की मौत, तीन घायल

**खटीमा :** उत्तराखंड के चंपावत जिले से बड़ी खबर सामने आई है. चंपावत जिले में लोहाघाट से आगे बापरू के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. बताया जा रहा है कि एक कार करीब 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई. खाई में गिरने के बाद कार में आग लग गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. फिलहाल जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार हल्द्वानी से पिथौरागढ़ कनालीछीना की ओर जा रही कार मरोड़ाखान से दो किलोमीटर आगे बंतोली गांव के ऊपर एनएच से करीब 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई. खाई में गिरने के बाद कार में अचानक धमाका सा हुआ और आग लग गई. इस हादसे में एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति की छिटकर मौत हो गई. वाहन में सवार घायल एक महिला और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका पुलिस-प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू किया. घायलों को उपचार के लिए पास के सरकारी हॉस्पिटल भेजा गया है. जानकारी के मुताबिक वाहन में सवार चालक राजेन्द्र कुमार (48) निवासी डीडीहाट की मौके पर मौत हो गई और कार में सवार घायल बलदेव कुमार (36) निवासी कनालीछीना पिथौरागढ की कार में जलकर मौत हो गई. वहीं कार में सवार घायल महिला नीतू देवी (36) पत्नी बलदेव कुमार और उनकी बेटी अक्षिता (8) और पुत्र आरव (5) गंभीर रुप से घायल हो गए.

# दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ 'अर्ली वॉर्निंग सिस्टम' का आगाज


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की सर्दियों और उस दौरान होने वाले प्रदूषण को लेकर सीएम रेखा गुप्ता सरकार ने खास रणनीति तैयार की है। बताया जा रहा है कि सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ एक 'प्रोएक्टिव' (समय से पहले) रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सीएम रेखा गुप्ता ने आज 19 जून शुक्रवार को शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था के नोटिफाईड होने की घोषणा कर दी है। सीएम रेखा गुप्ता के मुताबिक, अब तक की व्यवस्था में प्रदूषण बढ़ने और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने के बाद लोगों को सूचना मिलती थी, जिससे नागरिकों, व्यापारियों और निर्माण एजेंसियों के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं होता था। उन्होंने कहा कि, "हम सर्दियों का इंतजार नहीं करना चाहते. अब से यह व्यवस्था लागू की गई है कि नवंबर से फरवरी के बीच प्रदूषण से निपटने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएंगे, इसकी जानकारी महीनों पहले ही सभी हितधारकों को दे दी जाएगी।



**पीयूसीसी होने पर दिया जाएगा ईंधन**

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित यह फ्रेमवर्क उअदट के ग्रैप के साथ मिलकर काम करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी विभाग और एजेंसियां सर्दियों की शुरूआत से पहले ही पूरी तरह सावधान रहें। सड़कों पर गाड़ियों के धुएं को कम करने के लिए सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। 1 नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 के बीच दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-श्कवाणिज्यिक वाहनों की एंट्री पर भी रोक रहेगी। सीएम रेखा गुप्ता ने घोषणा की राजधानी के सभी पेट्रोल पंपों पर अब केवल उन गाड़ियों को ईंधन दिया जाएगा, जिसके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र होगा।



## द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज, काजल और श्रेयस उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। द इंडिया स्टोरी फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है।

लाइफ Style



## अदा
### मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम

अभिनेत्री अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में एक्टिंग का जादू बिखरने को तैयार हैं। उनकी पहली मराठी फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ गया है। 'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं।

उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका ऐलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



## स्पाइडर-मैन की शक्तियां आउट ऑफ कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो के लिए 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने गुरुवार 18 जून की सुबह हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें टॉम हॉलैंड पर्दे पर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन बनकर लौट रहे हैं। 2 मिनट 35 सेकेंड के इस ट्रेलर में हमें 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' की घटनाओं के बाद की झलक मिलती है। लेकिन, सबसे अधिक चौंकाने वाला सीन वो है, जहां हम स्पाइडर-मैन को ब्रूस बैनर यानी हल्क से भिड़ते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे पीटर खुद को पहले से ज्यादा मुश्किल हालात में धकेलता है, उसकी शक्तियां आश्चर्यजनक तरीकों से बदलने लगती हैं।



## उम्मीदों पर खरी उतरेगी अवेंजर्स डूम्सडे

**लॉस एंजिल्स।** रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो पहले एमसीयू फिल्मों में टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्स: एंडगेम' के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्स: इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्स: एंडगेम' जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है।



## दायरा की पहली झलक आई सामने...

**नई दिल्ली।** सैम बहादुर और राजी जैसी शानदार फिल्में बनाने वालीं निर्देशक मेघना गुलजार आने वाले समय में फिल्म दायरा से दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से दायरा की चर्चा चल रही है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान और साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे कलाकार अहम किरदार में मौजूद हैं। गुरुवार को दायरा फिल्म की पहली झलक बीटीएस वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर सामने आई है। अभिनेता पृथ्वीराज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दायरा का एक लेटेस्ट बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनके साथ करीना कपूर भी लेडी पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में मौजूद हैं। दायरा के इस बीटीएस वीडियो से कन्फर्म होता हो कि ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



## मुसीबत में फंसे लोगों को बचाते दिखे सनी

**मुंबई।** आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज होने के अगले ही दिन मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। बंटवारे की त्रासदी को दिखाते हुए बैकग्राउंड में आवाज चल रही है, 'हिंदुस्तान, जिसे बड़े संघर्ष और कुर्बानियों के बाद 200 साल की गुलामी से आजादी तो मिली, मगर अफसोस कि मुल्क का बंटवारा हो गया। मजहब के नाम पर इंसानियत की हत्या हो रही थी'। इसके बाद टीजर में बंटवारे के वक्त के उन दिल दहला देने वाले दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है। बैकग्राउंड आवाज आमिर खान की है। बंटवारे के वक्त के मार्मिक सीन हैं। हर तरफ खून-खराबा है। विभाजन के हाहाकार वाले मंजर के बीच सनी देओल की एंट्री होती है। इसी के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल और अली फजल की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला

## भक्ति में डूबे 'तारक मेहता के' मिस्टर अय्यर, जमीन पर बैठ बजाया मजीरा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाने वाले तनुज महाशब्दे का एक वीडियो चर्चा में है, जिसे देख फैंस हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में तनुज महाशब्दे एक भजन संध्या में लीन नजर आ रहे हैं। वह आम लोगों के बीच जमीन पर



बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं और कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। तनुज महाशब्दे साथ ही मजीरा भी बजा रहे हैं। उनका यह अंदाज और आध्यात्म वाला रूप देख फैंस मुरीद हो गए हैं। मालूम हो कि तनुज महाशब्दे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाते हैं, जोकि एक साउथ इंडियन किरदार है। वह शो में बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता के पति बने हैं।

## 'दीवाने हैं' गाने में अक्षय रवीना का वही पुराना जादू

**मुंबई।** फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया और मजेदार गाना 'दीवाने हैं' रिलीज हो चुका है, जिसमें अक्षय कुमार और रवीना की जोड़ी को देखकर लोग पुरानी यादों में खो गए हैं। इस गाने को मुख्यमंत्री देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और आनंद राज आनंद ने गाया है। माना जा रहा है कि ये गाना दर्शकों दर्शकों के दिलों में बसी पुरानी यादों को फिर से तरोताजा कर देगा। कश्मीरी लोक गीत 'रक्षिदा रक्षिदा' के शानदार मेल से सजे इस जोशीले गाने में अक्षय कुमार के साथ रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी दिख रही है। इस गाने में रवीना के साथ अक्षय कुमार की केमिस्ट्री सभी को गुदगुदा रही है। ये गाना हर तरह से लोगों को नोस्टैलजिक फील दे रहा है। लोगों ने कहा है- एक बार फिर इनके रोमांस के वो पुराने किस्से दिमाग में घूमने लगे। वहीं फिल्म में इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट शामिल है, जिसमें अक्षय



और रवीना के अलावा जैकलीन, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी,अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने फिल्म में खास भूमिका निभाई है। बताते चलें कि फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में में हैं, जो अपने आइकॉनिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला और स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिहार का वो लोकगीत, जो सलमान के कॅरियर का बना बड़ा गाना, शारदा को मिली थी 56 रुपए फीस

**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोकगीतों के साथ-साथ फिल्मों में भी कई यादगार और सदाबहार गीत दिए हैं। एक ऐसा ही गीत उन्होंने सलमान खान की फिल्म में भी दिया जो उनके करियर का कल्ट लव सॉन्ग बन गया।


***37 साल बाद भी बना हुआ है कल्ट :*** खास बात यह है कि यह गाना सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए बनाया गया था और दिलचस्प पहलू ये है कि शारदा सिन्हा ने भी इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपना संगीत डेब्यू किया था। भले ही यह गाना 37 साल पहले बना हो लेकिन यह आज भी बॉलीवुड के कल्ट लव सॉन्ग में से एक बना हुआ है। इस कल्ट



लव सॉन्ग में भोजपुरी के लिरिक्स सीधा दिल को छूते हैं और शारदा सिन्हा की आवाज इसे सुरमय बनाती है। गाने के लिरिक्स फिल्म की कहानी पर एकदम फिट बैठते हैं और इसे फिल्म के हीरो हीरोइन सलमान खान और शारदा सिन्हा पर फिल्माए गए हैं। यह गाना है- कहे तोसे सजना ।

### रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी फिल्म ने

1989 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मैंने प्यार किया को 1 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। डेब्यू फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 रुपएदिए गए थे। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी की शारदा सिन्हा को यह कल्ट गाना बनाने के लिए सिर्फ 56 रुपए की फीस मिली थी। हालांकि, शारदा सिन्हा कुछ ही फिल्मों में काम करने के बाद लोक गीतों की ओर रूख कर लिया था। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर का मशहूर गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया भी गाया था।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रमेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.